नई दिल्ली
गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 20

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### सम्मेलन के अंत में समूह नेताओं ने सामूहिक रूप से स्वीकार किया 'कजान घोषणापत्र'

# समस्या के समाधान के लिए युद्ध नहीं बातचीत और कूटनीति का समर्थक 'भारत': पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

यूक्रेन युद्ध के साये में बुधवार को रूस की अध्यक्षता में कजान शहर में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समूह के अन्य सदस्य देशों जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा समेत समूह में शामिल किए गए नए सदस्यों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ शामिल हुए। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में हालिया खत्म हुए एलएसी विवाद के बाद यह पहला मौका था। जब दोनों देशों के राष्ट्रप्रमुख ब्रिक्स के मंच पर एक-दूसरे के साथ प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन के अंत में समूह नेताओं ▶▶शेष पेज 5 पर

रूस के कजान में बुधवार को आयोजित किए गए 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री




### लोगों पर केंद्रित होनी चाहिए ब्रिक्स की सोच

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व के सभी देशों के सामने महंगाई से मुकाबले के अलावा खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य और जल सुरक्षा जैसे मुद्दे प्राथमिकता से शामिल हैं। तकनीक के इस युग में साइबर डीपफेक और दुष्प्रचार की नई चुनौती खड़ी हो गई है। समूह को लेकर अपेक्षाएं काफी बढ़ी हुई हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक विविधतापूर्ण और समावेशी मंच होने के नाते ब्रिक्स उक्त सभी मामलों में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, इस बाबत हालांकि हमारी सोच लोगों पर केंद्रित होनी चाहिए। कोरोना की चुनौती से निकलने के बाद हम भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसरों का निर्माण करने के लिए सक्षम हैं। यह 40 फीसदी मानवता और 30 फीसदी अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है।

### भारत के हरित कदमों से जुड़ें ब्रिक्स देश

ओपन प्लेनरी सत्र में पीएम ने भारत के कई प्रमुख हरित कदमों का उल्लेख करते हुए समूह देशों से इनसे जुड़ने का आह्वान किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय सौर संघ, कोलिएशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिशन लाइफ और ग्रीन क्रेडिट योजना शामिल है। नया विकास बैंक ग्लोबल साउथ देशों के विकास के लिए बीते एक दशक में महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभरा है। भारत की गिफ्ट सिटी के साथ रूस तथा अफ्रीका में इसके क्षेत्रीय केंद्र खुलने से इसे काफी बढ़ावा मिला है। बैंक ने करीब 35 बिलियन डॉलर की परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। नए स्वरूप के साथ ब्रिक्स 30 ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक बड़ी अर्थव्यवस्था है। देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार, सुगम रूप से सीमा पार भुगतान से हमारा आर्थिक सहयोग सुदृढ़ होगा।

### आतंकवाद पर पाक को घेरा

*मंत्रालय ने बताया, पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकवाद और इसके वित्त पोषण को वर्तमान में दुनिया के सामने खड़ी जटिल चुनौतियों में से एक बताते हुए कहा कि आतंकवाद से मुकाबले और इसके वित्तपोषण के मामले में हमें समान सोच और मजबूत समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे गंभीर मामले पर किसी तरह के दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। पीएम ने यह भी कहा कि हमें अपने देशों में युवाओं में कट्टरता को रोकने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में काफी समय से लंबित वैश्विक आतंकवाद पर व्यापक संधि के मामले पर एक साथ काम करने पर जोर दिया। समान रूप से हमें साइबर सुरक्षा और एक सुरक्षित कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को लेकर कार्य करना चाहिए। समूह के अंदर सहयोग बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ने भारत की प्रतिबद्धता जताई।*

#### आम सहमति से बनाए जाएं नए सदस्य


*उन्होंने इशारों में पाकिस्तान के ब्रिक्स में शामिल होने के प्रयासों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत समूह में बतौर भागीदार के रूप में नए देशों का स्वागत करने के लिए तैयार है। लेकिन इस संबंध में सभी निर्णय आम सहमति से लिए जाने चाहिए और समूह के संस्थापक सदस्यों के विचारों का सम्मान किया जाना चाहिए। जोहांसबर्ग में हुए सम्मेलन में स्वीकार किए गए सिद्धांतों, मानकों, मानदंडों और प्रक्रिया का सभी सदस्यों और भागीदार देशों द्वारा अनुपालन किया जाना चाहिए। यहां बता दें कि पाकिस्तान बीते कुछ समय से ब्रिक्स का सदस्य बनने का इच्छुक है। इसके लिए चीन और रूस के समर्थन के साथ उसने आवेदन भी किया था। लेकिन भारत के कड़े रुख की वजह से वह फिलहाल ब्रिक्स का हिस्सा नहीं बना है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अब खुद ब्लॉक हो जाएंगी स्पैम कॉल

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम शुरू किया है जो भारतीय फोन नंबर की तरह दिखने वाली इंटरनेशनल कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर सकेगा। ऐसे इंटरनेशनल नंबर्स को भारत में धोखाधड़ी करने वाले स्कैम के लिए यूज करते हैं। इसे दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लॉन्च किया।



### वंदे भारत स्लीपर जल्द शुरू होगी सेवा

**चेन्नई।** रेलवे वंदे भारत स्लीपर को जल्द लाने के लिए योजना बना रहा है। अब यात्रियों के लिए खुशखबरी है। हाल ही में चेन्नई इंटीग्रल कोच फैक्ट्री से वंदे भारत स्लीपर के अंदर का वीडियो आया है। आईसीएफ के जनरल मैनेजर ने बताया कि जल्द ही वंदे भारत स्लीपर की सेवा शुरू करेंगा।



### केंद्र भारत ब्रांड के चना और मसूर भी बेचेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सब्सिडी वाली दाल आम लोगों को उपलब्ध कराने के अपने कार्यक्रम का विस्तार करते हुए 'भारत' ब्रांड के तहत साबूत चना और मसूर दाल को भी शामिल कर लिया। इनकी खुदरा बिक्री आम लोगों को बढ़ती कीमतों से राहत दिलाने के प्रयास के तहत होगी।



### समझौते के बाद कजान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# पीएम मोदी ने चीन को दिया स्पष्ट संदेश, सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

## दोनों नेताओं ने किया एलएसी विवाद समाप्ति समझौते का स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब 5 साल से जारी विवाद की समाप्ति के लिए हालिया हुए समझौते की घोषणा के 48 घंटे बाद बुधवार को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों शीर्ष नेताओं ने विवाद समाप्ति समझौते का स्वागत किया। पीएम मोदी ने चीन को साफ शब्दों में संदेश देते हुए कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता हमारे संबंधों का आधार बने रहना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

वहीं, इस बैठक की कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए पीएम ने बताया कि सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध दोनों देशों की क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। ▶▶देखें पृष्ठ 12 भी

### पांच साल बाद मिले मोदी-जिनपिंग

वर्ष 2020 के मध्य में एलएसी विवाद की शुरुआत के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों ने द्विपक्षीय वार्ता में एक-दूसरे से मुलाकात की। वहीं, इस समझौते का संबंध मुख्य रूप से एलएसी के बाकी बचे हुए देपसांग और डेमचौक के विवादित इलाकों से है। पूर्व में दोनों देशों के बीच पैंगोंग झील के दोनों किनारों, गलवान घाटी, गाग्रा और हॉट स्प्रिंग जैसे तनावग्रस्त इलाकों से विवाद खत्म हुआ था और भारत-चीन ने शांति बहाली प्रयासों के तहत सैन्य गश्त के लिए बफर जोन बनाने पर भी सहमति प्रदान की थी। एलएसी विवाद जून-2020 में गलवान घाटी की खूनी झड़प के बाद अपने चरम पर पहुंच गया था। दोनों सेनाओं ने भारी भरकम हथियारों और ▶▶शेष पेज 5 पर



सामरिक, दीर्घावधि संबंधों की समीक्षा की

### वैश्विक शांति के लिए अहम दोनों के संबंध

मंत्रालय ने बताया, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति जिनपिंग से बातचीत के दौरान यह भी कहा कि हमारा मानना है कि भारत और चीन के संबंधों का महत्व केवल हमारे लोगों के लिए नहीं है। यह वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी अहम हैं। पिछले चार वर्षों में सीमा पर उत्पन्न हुए मुद्दों पर बनी सहमति का स्वागत है। आज इन सभी विषयों पर बात करने का अवसर मिला है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हम खुले मन से बातचीत करेंगे और हमारी चर्चा रचनात्मक होगी।

### भारत ने पहले की समझौते की घोषणा

गौरतलब है कि भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को एलएसी विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए इलाकों (देपसांग, डेमचौक) में तनाव खत्म करने के लिए हुए समझौते का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि इसमें पिछले कुछ सप्ताह से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से जारी बातचीत का अहम योगदान रहा है। इसके अगले दिन मंगलवार को चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियांग ने समझौते की पुष्टि की थी। दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक का आधार दोनों देशों द्वारा इस संबंध की गई समझौता होने की घोषणा ही रही।

उधर, द्विपक्षीय बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच लगभग पांच वर्षों में हुई ये पहली बैठक थी। इससे पहले वह ब्राजील में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। मौजूदा बैठक एलएसी विवाद समाप्ति समझौते के तुरंत बाद हो रही है। जिसका दोनों नेताओं ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने बैठक में भारत के पक्ष को स्पष्टता के साथ चीनी राष्ट्रपति के सामने रखा और सीमा पर शांति और स्थिरता को ही संबंधों का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की बैठक में दोनों नेताओं ने सामरिक और दीर्घावधि आधार पर भी संबंधों की समीक्षा की। इसमें दोनों का मानना है कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, समृद्धि के लिए भारत और चीन के स्थिर संबंध आवश्यक हैं। धरती के दो बड़े देश इस दिशा में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। साथ ही दोनों ने एक शांतिपूर्ण, स्थिर और लाभप्रद द्विपक्षीय संबंधों पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने अगले वर्ष 2025 में चीन द्वारा की जाने वाली शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता के लिए उसे पूर्ण समर्थन देने का वादा किया।

### सीमा पर खुल गया शांति का रास्ता

मिस्री ने कहा, जो समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है और जिसे आज पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के शीर्ष स्तर पर भी स्वीकार किया गया है। उसके लिए उठाए गए कदमों तक पहुंचने के लिए काफी समय से काम चल रहा था। लेकिन मैं यह कहूंगा कि इनसे रिश्तों को सामान्य करने की जो हमारी प्रक्रिया या यात्रा है वो एक प्रकार से चल पड़ी है। समझौते की मदद से सीमाई इलाकों में शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। रास्ता खुल गया है और दोनों को उस पर चलने की आवश्यकता है। जहां तक दोनों के बीच विश्वास बहाली का सवाल है। तो यह आगे चलकर जो प्रक्रिया और प्रतिक्रिया होगी। उस पर निर्भर करेगा। लेकिन हमारी आशा है कि उससे दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ेगा। विश्वास बहाली के लिए दोनों पक्ष अधिकारी स्तर पर मौजूद तंत्र की मदद से एक-दूसरे के लगातार संपर्क में बने रहेंगे। इसे लेकर दोनों के बीच मुझे लगता है कि चर्चा जारी है। शीर्ष नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात में रूस की भूमिका को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश सचिव ने कहा कि हम कजान में है जो कि रूस में है। हम इसके लिए उसे जगह प्रदान करने के लिए धन्यवाद करते हैं।

### एल्कोहल के उत्पादन पर केंद्र को झटका

## शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीन सकते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने औद्योगिक शराब के उत्पादन को लेकर केंद्र सरकार को झटका देते हुए राज्य सरकारों के पक्ष में फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संवैधानिक पीठ ने सात जजों की पीठ का फैसला पलटते हुए कहा कि औद्योगिक ▶▶शेष पेज 5 पर




#### पीठ ने अपने फैसले में क्या कहा

उल्लेखनीय है कि साल 1997 में सात जजों की पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन को विनियमित करने का अधिकार दिया था। साल 2010 में इस मामले को नौ जजों की पीठ के पास समीक्षा के लिए भेजा गया। नौ जजों की पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि औद्योगिक एल्कोहल मानव उपभोग के लिए नहीं है। पीठ ने कहा कि संविधान ▶▶शेष पेज 5 पर

### 150 से ज्यादा फ्लाइट्स में बम की धमकी

## केंद्र ने एक्स और मेटा को दी चेतावनी अपराध को बढ़ावा देने का हो रहा काम




सरकार की सोशल मीडिया साइट्स संग बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने सोशल मीडिया साइट एक्स की जमकर आलोचना की है। एक्स ने हाल ही में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स को लेकर फैलाए गए फर्जी बम खतरों से ठीक से नहीं निपटा। पिछले आठ दिन में 150 से ज्यादा उड़ानों को फर्जी धमकियां मिली हैं। इन फर्जी धमकियों से अकासा, एयर इंडिया, इंडिगो और विस्तारा जैसी एयरलाइन्स प्रभावित हुई हैं। इस पूरे मामले पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम को एक वर्चुअल मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग की ▶▶शेष पेज 5 पर

## दिखने लगा चक्रवात 'दाना' का असर...समुद्र हुआ अशांत



भीतरकनिका धामरा के बीच लैंडफॉल करने की संभावना

### समुद्र में उठ रहे हैं बड़े-बड़े ज्वार चार राज्यों पर दिखेगा असर

**भुवनेश्वर।** बंगोप सागर में बना गहरे दबाव का क्षेत्र बुधवार सुबह को चक्रवात दाना का रूप धारण कर लिया। चक्रवात में तब्दील होने के बाद यह पहले 18 किमी. की प्रति घंटा एवं फिर बाद में 15 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। चक्रवात दाना के प्रभाव से कई जगहों पर समुद्र अभी से ▶▶शेष पेज 5 पर

### प्रियंका को सबसे बड़े मतों के अंतर से जीत दिलाएंः खरगे

प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड से भरा नामांकन पत्र

# वायनाड के उपचुनाव में प्रियंका जीतीं तो पहली बार होगा कि गांधी परिवार के 3 सदस्य होंगे संसद में

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केरल की वायनाड संसदीय सीट के उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर हुए रोड शो और जनसभा में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री समेत प्रमुख नेताओं के अलावा लाखों लोग शामिल हुए।

विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने वायनाड के लोगों से अपील की कि वे प्रियंका को अब तक के सबसे बड़े मतों के अंतर से जीत दिलाएं। उन्होंने बताया कि वायनाड के लोगों ने उपचुनाव में प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मांग की थी। अब यह उनका कर्तव्य है कि वे प्रियंका को जीत दिलाएं। खरगे ने कहा कि प्रियंका गांधी



मजबूत, साहसी और दयालु नेता हैं, जो संसद में लोगों की सबसे मजबूत आवाज साबित होंगी। वहीं प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में वायनाड के लोगों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगी और उन्हें कभी निराश नहीं करेंगी। भीड़ की जोरदार तालियों और जयकारों के बीच उन्होंने कहा, आप मेरे अपने परिवार की तरह हैं और मैं चाहती हूं कि आप यह जान लें कि मैं आपके लिए लड़ने, आपके साथ खड़े होने, आपकी आवाज बनने, आपकी लड़ाई लड़ने के लिए यहां हूं और मैं आपको कभी निराश नहीं करूंगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब उन्होंने देखा कि विनाशकारी भूस्खलन के दौरान वायनाड के लोग साहस और करुणा के साथ एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं, तो वह उनकी बहादुरी और निस्वार्थ भावना से प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा, वायनाड के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनका परिवार वायनाड के लोगों के प्रति हमेशा आभारी और ऋणी रहेगा, जिन्होंने उस समय उनका साथ दिया, जब लगभग सभी ने उनसे मुंह मोड़ लिया था। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को वायनाड सीट छोड़ने का दुख हो रहा था, लेकिन मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मैं आपके व उनके बीच के रिश्ते को और मजबूत करूंगी।उन्होंने लोगों से कहा, यह मेरे लिए एक नई यात्रा है और इसमें आप सभी शिक्षक एवं मार्गदर्शक होंगे। उन्होंने बताया कि वह वायनाड की स्थानीय ▶▶शेष पेज 5 पर



# कल्याणपुरी में युवक की चाकू मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के कल्याण पुरी इलाके में बुधवार को एक दुकान के पास 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। उसके शरीर पर चाकू के निशान पाये गये। बाद में मृतक की पहचान अजीत निवासी इंदिरा कैंप, कल्याणपुरी के रूप में हुई है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह छह बजकर 44 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि कल्याण पुरी में एक दुकान के पास एक युवक का शव पड़ा है, जिसकी जांघ पर चाकू से घाव के निशान हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम को भी बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया है। पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। आरोपी की पहचान करने तथा उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ का मामला

# फ्लैट में लगी आग, परिवार के पांच लोग झुलसे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ इलाके में बुधवार तड़के एक फ्लैट में आग लगने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य झुलस गए। सभी को सफदरजंग और एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। मृतक किशोर का नाम आकाश मंडल बताया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

दमकल निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार तड़के तीन बजकर 22 मिनट पर आग लगी थी। दमकल की गाड़ियां शनि बाजार रोड, किशनगढ़ स्थित नंदलाल भवन के मकान नंबर 88/9 पहुंची। मकान की चौथी मंजिल के डी 3 नंबर फ्लैट में आग लगी थी। आग पर काबू पाने में दो घंटे का समय लगा। वहीं दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शुरुआत में ऐसा संदेह था कि गैस सिलेंडर लीक होने की वजह से आग लगी लेकिन सिलेंडर सुरक्षित पाया गया है।

आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि आवासीय इमारत की चौथी मंजिल पर आग लगी थी। मृतक आकाश के अलावा उनके पिता लक्ष्मी मंडल (42), मां अनीता मंडल (40) और भाई सन्नी (22) तथा दीपक (20) भी झुलसे हैं। लक्ष्मी, अनीता और दीपक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि सन्नी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रामा सेंटर में उपचार जारी है।




- आग पर काबू पाने में दो घंटे का लगा समय
- सभी घायलों को सफदरजंग और एम्स ट्रामा सेंटर में करवाया गया भर्ती

सन्नी की हालत गंभीर बताई गई है। लक्ष्मी मंडल माली के रूप में काम करता है और उसका परिवार इस रिहायशी इमारत में किराये पर रह रहा था। पुलिस ने बताया कि संबंधित धाराओं में एक मामला दर्ज किया गया है और आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# कलेक्शन एजेंटों को लूटने वाले गैंग का मास्टरमाइंड अरेस्ट, 27 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




कीर्ति नगर पुलिस ने कलेक्शन एजेंटों को लूटने वाले गैंग के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सोमवीर उर्फ कन्हैया बताया गया। इसके पास से 27 लाख रुपये भी बरामद हुये हैं। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह चांदनी चौक, कुचा घासी राम, पहाड़गंज इत्यादि इलाकों से कैश कलेक्शन करने वाले लोगों को टारगेट कर चुका था। कन्हैया चार मामलों में शामिल पाया गया है।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 10 अक्टूबर को एक कैश कलेक्शन एजेंट पहाड़गंज, कुचा घासीराम और चांदनी चौक से 14 लाख 36 हजार रुपये कलेक्ट कर कीर्ति नगर वापस आ रहा था। कैश उसकी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखा हुआ था। शाम 6 बजे के आसपास वह गोदाम पहुंचा। टॉयलेट कर बाहर निकला तो डिग्गी से कैश गायब मिला। एसएचओ संजीव की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो पता चला कि वारदात को एक स्कूटी सवार ने अंजाम दिया है। वह कलेक्शन एजेंट का पहाड़गंज, चांदनी चौक से ही पीछा कर रहा था। बाद में पुलिस ने संदिग्ध सोमवीर उर्फ कन्हैया को दबोच लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल लिया। बताया कि चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के बाद वह परिवार संग हरिद्वार चला गया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गांव जॉनी खुर्द, मेरठ से 14 लाख 36 हजार रुपये नगदी बरामद कर ली। यह रकम आरोपी ने अपनी समधन को दी हुई थी। बाद में 13 लाख रुपए और बरामद हुये। दूसरे अमाउंट के बारे में उसका दावा है कि यह रकम उसे होलंबी कलां के प्लॉट बेचने पर प्राप्त हुई थी। पुलिस इसका पता लगा रही है। इसके पास से बरामद स्कूटी केशवपुरम इलाके से चुराई गई थी। आरोपी 2004 में गिरफ्तार हो चुका है।

- यह गिरोह चांदनी चौक, कुचा घासी राम, पहाड़गंज इत्यादि इलाकों से कैश कलेक्शन करने वाले लोगों को कर चुका था टारगेट

## शाहदरा में हाई-वोल्टेज बिजली के खंभे पर चढ़ा शख्स

नई दिल्ली। शाहदरा के यमुना खादर इलाके में मानसिक रूप से विक्षिप्त 40 वर्षीय एक व्यक्ति बुधवार को हाई-वोल्टेज बिजली के खंभे पर चढ़ गया। गीता कालोनी पुलिस ने दमकल विभाग के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा। शख्स का नाम मधुसूदन बिस्वास है। वह 24 परगना, वेस्ट बंगाल का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार सुबह साढ़े 10 बजे एक व्यक्ति के हाई-वोल्टेज वाले बिजली के एक खंभे पर चढ़ने के संबंध में सूचना मिली थी। तुरंत घटनास्थल पर एक टीम पहुंची। बाद में कुछ सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंचे। बचाव दल ने शख्स को सुरक्षित नीचे उतार लिया। मधुसूदन बिस्वास खुद को पर्यावरण कार्यकर्ता बता रहा था। वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डिफेंस मंत्री और जज से मिलने की रट लगा रहा था। उसका कहना है कि वह कई ईमेल पर्यावरण बचाव को लेकर नीचे से ऊपर तक के लोगों को लिख चुका है लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर पाया गया है और एक मनोचिकित्सक से परामर्श लिया जा रहा है।



## जामिया मिल्लिया इस्लामिया

# दीपोत्सव कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों ने की हिंसा : एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एबीवीपी ने निंदा करते हुए की कट्टरपंथी तथा पांथिक उन्मादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली में दीपोत्सव कार्यक्रम में पांथिक उन्मादियों तथा असामाजिक तत्वों ने हिंसा की है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने बुधवार को अपने बयान में यह आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली में आयोजित हो रहे दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए जामिया के विद्यार्थी उल्लासित थे तथा कार्यक्रम शांतिपूर्ण चल रहा था, इसी बीच लगभग रात 8 बजे जामिया में कार्यक्रम स्थल पर बाहरी पांथिक उन्मादियों तथा असामाजिक तत्वों ने "फ़लिस्तीन जिंदाबाद" व अन्य उकसाउ नारे लगाते हुए दीपोत्सव के दीप तोड़ दिए, रंगोली मिटाई व तोड़-फोड़ करके दीपोत्सव में सम्मिलित जामिया विद्यार्थियों से मारपीट करने लगे, विश्वविद्यालय प्रशासन हाथ पर हाथ धरे सब देखता रहा। अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इस दुखद घटना में बाहरी असामाजिक तत्वों ने विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया, उन पर फब्तियां कसीं व उनके द्वारा बनाई गई रंगोली को पैरों से मिटा दिया। सवाल यह है कि क्या भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालय में दीपावली मनाना या भारत माता की जय के नारे लगाना अपराध है? जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण कार्यक्रम को हिंसा व कट्टरपंथ की सोच से खराब करने की एबीवीपी कड़ी निंदा करती है।

# दलित का हक मारकर सीट पर बैठने का अधिकार खो चुकी है महापौर : इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय दलित का हक मारकर सीट पर बैठने का अधिकार खो चुकी है और दिल्ली नगर निगम में दलित महापौर का चुनाव ना कराना यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दलित विरोधी हैं। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने उप नेता विपक्ष जय भगवान यादव, भाजपा शासित वार्ड समितियों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और स्थायी समिति के सदस्यों के साथ बुधवार को सिविक सेंटर स्थित महापौर कार्यालय के घेराव कर प्रदर्शन के दौरान यह आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि केजरीवाल कहते थे कि वह जेल से सरकार चलाएंगे लेकिन फिर भी उन्होंने महापौर चुनाव कराने के लिए अप्रैल 2024 में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल पर साइन नहीं किए। जब वह जेल से बाहर आ गए और जनता के परेशान होने और सत्ता विरोधी लहर देखकर उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा तो महापौर चुनाव कराने का आदेश देने का नाटक करते हुए महापौर को वह चुनाव कराने के आदेश देते रहे। नेता विपक्ष ने कहा कि पवित्र अक्टूबर माह जिसमें जहां भगवान वाल्मीकि की जयंती आती है उस समय अगर आम आदमी पार्टी की मंशा होती तो वह दलित महापौर का चुनाव कराती लेकिन आम आदमी पार्टी की मंशा दलितों का हक खाने की है। अनुसूचित जाति के पार्षद को महापौर बनना था इसलिए आम आदमी पार्टी चुनाव न कराने के बार-बार बहाने ढूंढ रही है।

- भाजपा के वार्ड समितियों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों ने किया महापौर कार्यालय का घेराव

## बुजुर्गों के साथ भेदभाव कर रही है दिल्ली सरकार, आज राजघाट पर देंगे धरना : गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर पेंशन के मुद्दे पर दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली के बुजुर्गों के साथ अन्याय कर रही है और इसी कारण सरकार पिछले सात साल से पेंडिंग पड़े पांच लाख आवेदनों पर विचार नहीं कर रही है। सरकार के इस अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण नीति के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए दिल्ली का भाजपा विधायक दल आज दिल्ली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में राजघाट पर दिल्ली से वरिष्ठ नागरिकों के साथ धरना देगा। नेता विपक्ष ने दिल्ली सरकार द्वारा 60 प्रतिशत से ज्यादा विकलांगता वालों के लिए 5 हजार की पेंशन योजना शुरू करने की घोषणा को सर्वथा अपर्याप्त बताया और कहा कि इसी तरह के लाभ के हकदार दिल्ली के बुजुर्ग भी हैं। उनकी पेंशन राशि बढ़ाई जानी चाहिए और साथ ही उन्होंने पिछले सात साल से पेंडिंग पड़े नए पेंशन आवेदनों को स्वीकार करने की मांग भी की। गुप्ता ने कहा कि अनेक बार विधानसभा सत्र में भी विपक्ष ने ये मुद्दा उठाया था। पिछले महीने भी विधानसभा में नेता विपक्ष ने यह मामला उठाया था। इस मामले में गुप्ता ने पिछले 7 सालों से पेंडिंग पड़े वृद्धावस्था पेंशन के नए आवेदनों को स्वीकार कर उन्हें जल्द ही पेंशन देने के लिए दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री को भी मंगलवार को पत्र लिखा था। पत्र में गुप्ता ने इस योजना के अंतर्गत निर्धारित को बढ़ाने और खाली 80 हजार रिक्तियों के बदले में 80 हजार नए आवेदनों को तुरंत स्वीकार किए जाने की मांग की है।

# आईआईटी हॉस्टल में छात्र ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईआईटी के अरावली हॉस्टल में एक छात्र द्वारा खुदकुशी का मामला सामने आया है। पुलिस को मंगलवार रात करीब 11 बजे इसकी सूचना मिली। मृतक का नाम कुमार यश (21) निवासी देवघर, झारखंड है। वह एमएससी सेकेंड ईयर का छात्र था। उसने रूम नंबर डी 57 में पंखे के सहारे फांसी लगाई थी। शव को सफदरजंग अस्पताल भिजवाया गया है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने रूम अंदर से बंद था। जैसे ही उसके दोस्त और कैंपस में मौजूद दूसरे स्टाफ को पता चला तो उन्होंने दरवाजा तोड़ा। अंदर जाने पर देखा कि कुमार यश पंखे से लटका हुआ था। उसने टॉवेल से फंदा लगाया था। फंदा काटकर तुरंत आईआईटी के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को सफदरजंग हॉस्पिटल भेजा गया। मृतक के परिवार वालों पुलिस द्वारा सूचना दे दी गई है। पुलिस को छात्र के कमरे से एक मेडिकल हेल्थ कार्ड मिला है, जिससे पता चला कि छात्र का मानसिक इलाज चल रहा था। 22 तारीख को वह आईआईटी अस्पताल डॉक्टर से मिला भी था और उसका अगला अपॉइंटमेंट 29 अक्टूबर को था। पुलिस ने इस मामले में मृतक के दोस्त का भी बयान दर्ज किया है। अभी तक की जांच में कोई भी संदिग्ध चीज नजर नहीं आई है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | सेक्टर-47, गुरुग्राम में एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय की बाहरी पेंटिंग कार्य का प्रावधान व बिछाना। | बंद होने की तिथि 29.10.2024 | 2.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना भुना रोड आरडी 0.00 से 16.500 (ओडीआर) पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सुधार (सी.एम. घोषणा कोड 27231 दिनांक 23.01.2023) (आई.जी. कॉलेज से अमानी फाटक तक एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 22.10.2024 04.11.2024 | 32.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान और रिचार्जिंग प्रयोजन हेतु नोलपुर डिस्टी. के कि.मी. 23.425 / आर से नांगल नूनिया बंद को भरने के लिए प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (हैड एचडब्ल्यूआरए के तहत) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.10.2024 | 171.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 4 | पंचायती राज राजौंद | गांव तारागढ़ के स्कूल के निकट आंगनवाड़ी का पुनर्निर्माण। | 19.10.2024 26.10.2024 | 11.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री - गांव साहापुर में सी सेंटर को पूरा करना, डीपी + 9 कार्य। | 22.10.2024 09.11.2024 | 103.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फतेहाबाद | भट्टू मण्डी - शिवाजी पार्क टाउन सेंटर के निकट बस क्यू-शेल्टर का निर्माण, डी-प्लान + 26 कार्य। | 21.10.2024 28.10.2024 | 194.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/120/29767/I/88/7 दि. 23.10.24

## IndusInd Bank

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAA02294G | A SHAKIR | UP80GT1929 | G12BN1138005 | MA3EZLF1T00251221 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAA02299G | I MOHD | UP80GT2158 | G12BN1112158 | MA3EZLF1T00244170 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAA02304G | K RAJESH | UP80GT2199 | 275CNG17FXXS84592 | MAT556004NVF36158 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DAA02649G | A RAMU | UP80GT9089 | G12BN1203418 | MA3EZLF1T00275877 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAL01595G | N ROHDAS | UP81ET4655 | AZXWPC53072 | MD2B17AX9PWC69466 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DAM05356G | L HARI | UP85CT7780 | 275CNG17EXXS65144 | MAT556002NVE28061 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAM05773G | A FAIJAN | UP86AT0974 | AZXWNJ19817 | MD2B17AX1NWJ45332 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DAM05809G | N RAJU | UP85DT2613 | TD3CSJ13014298 | MBX0007MF1J225136 | APE AUTO DX CNG BS VI | 2023 |
| DAM05929G | S AMAR | UP85DT4698 | TD3CSH13013452 | MBX0007MF1K234050 | APE AUTO HT DX CNG Bs6 | 2023 |
| DAM06285G | P LAKHAN | UP85DT8281 | TD3CSF23020571 | MBX000ACF2F299059 | APE AUTO HT DX CNG Bs6 | 2023 |
| DAM06419G | B CHAND | UP86AT2541 | CYGOLDA3338 | M1YDECB08823K3338 | CITYLIFE XV850 - PASSENGER E-RICKSHAW | 2023 |
| DAM06632G | D MAHESH | UP85ET1398 | AZXWPG21460 | MD2B17AX5PWG87555 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DAM06638G | M DANISH | UP86AT2754 | 275CNG18JWXSC2030 | MAT556013PVJ52561 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DAM06672G | F HARPAL | UP86AT3043 | 1.5CR09KWXSE0596 | MAT535324PYK49793 | TATA INTRA V30 BS VI | 2023 |
| DDB03346G | S NAVEEN | HR38AE9394 | AZXWNG52776 | MD2B47AX8NWG78059 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDB03431G | B VINAY | HR38AE7587 | AZXWNJ20211 | MD2B47AX8NWJ13307 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB03476G | S RATAN | DL1LAK2208 | AZXWPK37693 | MD2B25AX4PWK35644 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG Bs6 | 2023 |
| DDP02169G | N SALEEM | HR73B6347 | AZXWPD74422 | MD2B25BX0PWD06405 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG Bs6 | 2023 |
| DDU04460G | T SANDEEP | HR55AT9193 | TD3CSK23022932 | MBX000ACF2K342709 | APE AUTO HT DX CNG Bs6 | 2023 |
| DNG02642G | K SANJAY | DL1LAH8675 | 275CNG17GXXSA8041 | MAT556004NVH45293 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DNG02877G | F MOHD | DL1LAL8146 | 275CNG17AWXS14471 | MAT556004PVB06901 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| 930000042222 | RATAN PAL P PAL | UP24AT9748 | AZXWRL08320 | MD2B47AX2RWL31281 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2024 |
| DMM03583G | S MANVEER | UP15FT8607 | 700CCDI02HXXSC0563 | MAT559029NVH50221 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DMM03934G | A SAAVEJ | UP15GT7530 | REVTRN18FWXS81118 | MAT535327PYF29571 | TATA INTRA V20 BIFUEL Bs6 | 2023 |
| DUB00382G | K YOGENDRA | UP20BT4970 | 1.5CR09HWXSA0842 | MAT535324PYH35999 | TATA INTRA V30 BS VI | 2023 |
| DUS00255G | B RAMBIR | UP19AT0402 | 700CCDI02FXXS78364 | MAT559029NYF27310 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| DUS00306G | V VIPIN KUMAR | UP19AT1120 | 15CRAIL05AWXS01431 | MAT535073PYA01153 | TATA INTRA V30 BS VI | 2023 |
| DUS00320G | N GAZALA | UP19AT1695 | LHN6M34613 | MA1FN2LHRP6A51215 | M & M SUPRO MINITRUCK RFS CNG BS VI | 2023 |
| HDD00738G | K SHIV | UK07CD0698 | S2D9205445 | MBX0008KB1E181550 | APE XTRA LDX +PU DIESEL Bs6 | 2022 |
| UHH01291G | A TOHID | UK04TB5012 | AF4CP4602563 | MD6M14LF2P4C00138 | TVS KING LK FI KARGO PLATFORM BS6 LPG | 2023 |
| UHM02059G | U DUSHIANT | UP23AT4203 | BAXWNG20402 | MD2A97AXXNWG05093 | BAJAJ RE DIESEL BS VI | 2022 |
| UYN00650G | P SHISHUPAL | UP24AT5712 | AZXWPA48890 | MD2B17AX6PWA59326 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| UYN00761G | R SALEEM | UP24AT7111 | 700CCDI04EWXS63634 | MAT559033PZE12324 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DDP01778G | F MUNFED | HR74B2366 | AZXWNF74131 | MD2B47AXBNWF47861 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDU03893G | B RAM | HR55AN3139 | TXTCSJ13012029 | MBX0008LB1J219746 | APE XTRA HT LDX+ CNG PU Bs6 | 2022 |
| DDU04091G | H SADDAM | HR55AP6997 | AZXWPM04461 | MD2B17AX7PWM54239 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DDU04398G | K RAM PUKAR | | TXTCSE23014311 | MBX000AFB2E289165 | APE XTRA HT LDX+ CNG PU Bs6 | 2023 |
| UYN00472G | K RAJ | UP24AT4071 | AMBCSE13007484 | MBX0007CF1E184232 | APE AUTO PLUS HT CNG (D+5) Bs6 | 2022 |
| UYN00571G | A WAHID | UP24AT4981 | AMBCSK13010702 | MBX0007CF1K236556 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2023 |
| UYN00573G | J SARVESH | UP24AT5638 | TBP0SH13004701 | MBX0009HF1H205637 | APE CITY NXT+ CNG Bs6 | 2023 |
| DED01016L | OM SAI RAM TRANSPORT AND TOUR AND TRAVELS | UP16MT7059 | RNEZ405738 | MB1AUGCCXRRMU5984 | AL 1215 HE 4750 MM FULLY BILT BS 6 | 2024 |
| DDZ03377L | ANKIT KUMAR | DL1LAM4761 | RPH061514P | MB1AA23E1RRPT2868 | AL BADA DOST I2 LS FSD Bs6 | 2024 |
| DED01084L | MANGATRAM URF AMITPAL | UP14QT1436 | 38SGI83AVX801102 | MAT810027R8A01474 | 709 LPT DCR39HSD 85B6M5 TT | 2024 |
| DAS03909L | MAA VAISHNO TRANSPORT | HR58C7338 | NGPZ121042 | MB1A3GCD6NAGM5722 | ASHOK LEYLAND 1615 5200MM WB 22SL H BSVI | 2022 |
| DBO00490L | A JATIN | DL1LAM1081 | LYP1K13354 | MA1RD2LYKP6K27462 | BOLERO MAXX CITY 1.4 LX CBC BS6II | 2024 |
| DDF01921L | S MOHIT | HR38AD9660 | UKN1G26513 | MA1ZP2UKKN1G67610 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDP00525L | I AARIF | HR38AC9947 | 3.8SGI81KYX807419 | MAT563016M5K15855 | TATA LPT 1512 G 48 HSD Bs6 | 2021 |
| DDZ02599L | G HIMANSHU | DL1MB0624 | 3.8SGI79EXX810484 | MAT812028N5F09082 | TATA 1109G LPT DCR 49 CBC CNG 85 M5 BSVI | 2022 |
| DDZ03214L | SITARAM RAM | BR33GB8369 | 4SPCR18KWX631847 | MAT804726P8K16954 | TATA SFC 610/33 TT CBC BS6II | 2023 |
| DED00844L | B RAMAGYA | DL1LX1960 | E414NCGF094630 | MC2B7ERC0GF348216 | EICHER PRO 1059XP E HSD BS IV | 2023 |
| DED00862L | I NAWAB | DL1LAL5943 | 38SGI83GWX802308 | MAT810019P8G10264 | TATA 709 LPT 38WB BS6 CNG HDLB TT | 2023 |
| DGP01776L | S PRAKASH | HR55AR1230 | 4SPCR18JWX630737 | MAT804020P8J16151 | TATA SFC 407 / 33 GOLD RJ BS VI | 2023 |
| DDZ03152L | D ROHTANG | DL1LAL4346 | E416NCPC426263 | MC2EHFRC0PC524095 | PRO 2075G HSD 18 FT AB BS6 PS NGB 5S PRM | 2023 |
| DDU01964D | SK XPRESS SERVICES | RJ32GC6746 | E426CDMD349295 | MC2CASRF0MD071001 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DBR02160C | RAMESH KUMAR | DL7CU7725 | K15BN1345944 | MA3EXGL1S00476207 | MARUTI CIAZ 1.5 P MT DELTA BS VI | 2022 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi

Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

## खबर संक्षेप

### प्रदूषणः भाजपा ने की पर्यावरण मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** पराली जलने से होने वाले प्रदूषण के आंकड़ों एवं वास्तविकता पर आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार को बचाने के लिए और दिल्ली की जनता को गुमराह करने वाले मंत्री गोपाल राय के इस्तीफे की मांग बुधवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा ने की है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदूषण मामले पर दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय 10 साल से दिल्ली के मंत्री और गत कई वर्ष से पर्यावरण जैसा महत्वपूर्ण विभाग देखते हैं पर दिल्ली वालों के स्वास्थ्य हित की सोचने की जगह पंजाब सरकार के राजनीतिक हित संरक्षण की सोचते हैं और अब समय आ गया है कि या तो वह पंजाब सरकार पर कार्यवाई की मांग करें या इस्तीफा दें।

### रेड लाइट ऑन तो गाड़ी ऑफ अभियान पूरी तरह से फ्लॉप : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार दिल्ली में प्रदूषण को रोकने में बुरी तरह से विफल रही है और दूसरों पर दोषारोपण करने के अपने पुराने तौर-तरीकों पर उतर आई है। नेता विपक्ष ने प्रदूषण के मामले में ट्वीट पर ग्राफिक्स के माध्यम से बताया कि एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी शासित पंजाब में हर दिन पराली जलाने के 65 मामले प्रकाश में आ रहे हैं, वहीं हरियाणा में यह संख्या मात्र 2 है। वर्ष 2024 में पंजाब में अब तक पराली जलाने के 1510 मामले प्रकाश में आये हैं, वहीं हरियाणा में यह संख्या 655 तक है। आप राजनीतिक कारणों से दिल्ली में प्रदूषण के लिए हरियाणा सरकार को जिम्मेदार ठहराती रही है, लेकिन जहां आप की सरकार है, वहां की सरकार पराली जलाने की घटना को रोकने के लिए पूरी तरह से निष्क्रिय है।

### करतारपुर कॉरिडोर के लिए समझौते को पांच साल बढ़ाने पर पीएम और गृह मंत्री का किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान सरकार के साथ समझौता पांच साल के लिए बढ़ाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया है। यहां जारी किए गए एक बयान में समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शिता के चलते 2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550 साल के प्रकाश पर्व पर सिख समुदाय को यह बड़ी सौगात दी थी, जिसके तहत सिर्फ सिख श्रद्धालु ही नहीं बल्कि मानवता को प्यार करने वाला कोई भी व्यक्ति बिना वीज़ा के करतारपुर साहिब लांघे के जरिए गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब के दर्शन कर सकता है।

### मुख्यमंत्री ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर स्थिति का लिया जायजा

# हरियाणा से छोड़े जा रहे उद्योगों के प्रदूषित पानी से बढ़ा यमुना में अमोनिया का स्तर : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा से छोड़े जा रहे उद्योगों के प्रदूषित पानी से वजीराबाद रिजर्वायर पर पानी का अमोनिया का स्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है। इससे वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के उत्पादन पर असर पड़ा है। बुधवार की मुख्यमंत्री आतिशी ने यहां निरीक्षण कर स्थिति का जायज़ा लिया। इस मौके पर सीएम आतिशी के कहा कि भाजपा ने गंदी राजनीति करते हुए पहले दिल्ली की हवा प्रदूषित किया और अब पानी को भी जहरीला बना रही है। उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित हरियाणा द्वारा छोड़े जा रहे उद्योगों के प्रदूषित पानी से यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कालिंदी कुंज बैराज पर भी हरियाणा-उत्तर प्रदेश के उद्योगों से आ रहा जहरीला पानी यमुना को प्रदूषित कर रहा है, इससे नदी में झाग बन रहा है।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में चाहे यमुना में प्रदूषण का स्तर हो या हवा में प्रदूषण और एक्यूआई का स्तर बढ़ना है, इसकी वजह भाजपा की गंदी राजनीति है। दिल्ली में यमुना में प्रदूषण इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा और उत्तर-प्रदेश अपना अनट्रीटेड इंडस्ट्रियल वेस्ट यमुना में भेज रहे है, वजीराबाद बैराज पर भेज रहे हैं, कालिंदी कुंज बैराज पर भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि, किस तरह यमुना में कालिंदी कुंज बैराज पर लगातार झाग बन रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्लीवालों से इतनी नफरत करने लगी है कि हरियाणा और उत्तर-प्रदेश की अपनी सरकारों को दिल्ली के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने लगी है। इसका उदाहरण है कि हरियाणा से छोड़े जा रहे प्रदूषित औद्योगिक वेस्ट के कारण यमुना में अमोनिया का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इससे पानी का उत्पादन प्रभावित हुआ है। साथ ही कालिंदी कुंज बैराज पर हरियाणा-उत्तर प्रदेश के उद्योगों से आ रहा जहरीला पानी यमुना को प्रदूषित कर रहा है, इससे नदी में झाग बन रहा है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को भी ये बताना चाहती हूँ कि, भाजपा चाहे कितनी भी गंदी राजनीति करें, आम आदमी पार्टी की सरकार अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में भाजपा की गंदी राजनीति और इनके द्वारा पैदा किए जा रहे समस्याओं का समाधान निकालेगी।



#### यमुना में अमोनिया का स्तर तीन पीपीएम पर पहुंच गया

सीएम आतिशी ने कहा कि इस कारण मंगलवार से वजीराबाद बैराज पर यमुना में जो पानी भेजा जा रहा है, उसमें अमोनिया का स्तर काफ़ी बढ़ गया है। मंगलवार शाम तक यह अमोनिया का स्तर 3 पीपीएम पर पहुंच गया। अमोनिया के इस स्तर पर पहुंचने के कारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर पानी ट्रीट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा डीडी-2 और डीडी-8 ड्रेन से यमुना में भेजे जा रहे प्रदूषित पानी के कारण आज वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सभी में पानी का उत्पादन प्रभावित हुआ है और दिल्ली के लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

#### हरियाणा और यूपी में बढ़ती ही जा रहीं है पराली की घटनाएं

सीएम आतिशी ने कहा कि ठीक यही कहानी वायु प्रदूषण के साथ भी है। एक तरफ़ पंजाब है जिसने 2021 से 2023 के बीच पराली जलाने की घटनाओं को 50 प्रतिशत तक कम किया और 2023 से 2024 में 25 प्रतिशत और कम कर दिया। वही दूसरी तरफ़ हरियाणा और उत्तर-प्रदेश है। जहाँ पर लगातार पराली जलाने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। हरियाणा में ये 23 प्रतिशत और उत्तर-प्रदेश में 70 प्रतिशत तक बढ़ गई।

### एलजी ने सीएम को पत्र लिख दिए प्रदूषण कम करने के सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने एक बार फिर से दिल्ली सरकार को आइना दिखाया है। एलजी ने बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर भयावह स्थिति और सरकार की लचर कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही एलजी ने प्रदूषण के कारणों और इसके समाधान भी सुझाए हैं। एलजी ने अपने पत्र में लिखा है कि जैसे-जैसे हम त्यौहारों के मौसम में आगे बढ़ रहे हैं और जिसे एक दशक पहले तक गुलाबी सर्दी कहा जाता था, हम फिर से काले वायु प्रदूषण, बादलों के कारण नहीं बल्कि ग्रे आसमान और उस भयानक घुटन भरे एहसास को देख रहे हैं। जब मैं आपको पत्र लिख रहा हूं, तब भी शहर में एक्यूआई 400 के करीब पहुंच रहा है। पवित्र छठ पूजा के करीब पहुंचते ही यमुना में प्रदूषण की दयनीय स्थिति मीडिया पर छा रही है। उपराज्यपाल ने अपने पत्र में लिखा कि अस्पतालों और ओपीडी में सांस संबंधी समस्याओं की शिकायत करने वाले मरीजों की भीड़, लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह तक दी जाने लगी है। हम एक बार फिर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में चिह्नित हो गए हैं, हमारे निवासी, खास तौर पर गरीब जनता जानलेवा वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी कम करने के अलावा आजीविका खोने की कगार पर हैं। पहले की तरह ही कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा है और कोई समाधान नहीं दिया जा रहा है। एलजी ने आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में मेरा यही अनुभव रहा है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मैंने कई मौकों पर स्थिति की समीक्षा की, पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निवेदन पत्र लिखे और उन्हें हमारे अपने मुख्यमंत्री, आपके पूर्ववर्ती केजरीवाल को भी भेजा। एलजी ने पत्र में लिखा है कि मेरा अपना अनुभव यह रहा है कि इस स्थिति से पूरी तरह बचा जा सकता है और इसका समाधान काफी हद तक हमारे अपने हाथों में है। आपके पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ मेरी कई बैठकों में मैंने सभी मुद्दों को उठाया और उन्हें यह समझाने की पूरी कोशिश की कि ये मुद्दे हल करने योग्य हैं और इनका समाधान किया जाना चाहिए। हालांकि, मेरे सभी अनुरोधों पर ध्यान नहीं दिया गया।

## प्रदूषण को लेकर एनडीएमसी ने पार्किंग शुल्क में की वृद्धि

*आरडब्ल्यूए व एमटीए के लिए दिशानिर्देश किए जारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने पार्किंग शुल्क में वृद्धि की घोषणा की है। एनडीएमसी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एनडीएमसी ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए आरडब्ल्यूए और एमटीए के लिए दिशानिर्देश और उपाय जारी किए हैं। प्रशासन ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी-2) यानी बहुत खराब वायु गुणवत्ता के लिए जारी वैधानिक निर्देशों के अनुसार, वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जाने की परिकल्पना की गई है।

इनमें से एक कार्रवाई पार्किंग शुल्क बढ़ाने को लेकर है। इसे देखते हुए एनडीएमसी ने पार्किंग फीस बढ़ाने का फैसला किया है। एनडीएमसी ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेश के आधार पर यह निर्णय लिया है। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि निर्णय के अनुसार, एनडीएमसी पार्किंग शुल्क (ऑफ रोड / इंडोर) को जीआरएपी के चरण-2 के निरस्त होने तक एनडीएमसी द्वारा प्रबंधित पार्किंग के लिए मौजूदा शुल्क से दोगुना कर दिया गया है। पार्किंग शुल्क में वृद्धि ऑन-स्ट्रीट पार्किंग स्थलों और मासिक पास के लिए लागू नहीं की जाएगी।

#### ग्रेप के चरण-2 के लिए बढ़ा हुआ पार्किंग शुल्क, प्रतिघंटा

एनडीएमसी प्रशासन के अनुसार अब चार पहिया वाहन/कार के लिए शुल्क 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए, दो पहिया वाहन/स्कूटर के लिए शुल्क 10 रुपए से बढ़ाकर 20 रुपए, बस के लिए शुल्क 150 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए, कार (इनडोर) के लिए शुल्क 10 रुपए से बढ़ाकर 20 रुपए और स्कूटर (इनडोर) के लिए शुल्क 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए कर दिया गया है। एनडीएमसी के पास कुल 152 पार्किंग स्थल हैं, जिनमें 113 ऑफ-रोड साइट, 3 इनडोर साइट, 39 स्ट्रीट पार्किंग और 2 मल्टीलेवल पार्किंग साइट हैं। पार्किंग शुल्क वृद्धि के निर्णय से कुल 116 पार्किंग स्थल (ऑफ-रोड और इनडोर) उपयोगकर्ता प्रभावित होंगे। बता दें कि यह सभी शुल्क प्रति घंटा की दर से निर्धारित किए गए हैं।

### मतदाता जागरुकता को सुदृढ़ करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट अभियान जारी : कृष्णमूर्ति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 के लिए ईवीएम और वीवीपैट का एक जागरूकता अभियान शुरुआत की है। यह पहल 15 अक्टूबर 2024 से जारी है। इस अभियान को लेकर बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट पर जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य ईवीएम और वीवीपैट की मूल विशेषताओं की जानकारी देना, वोट डालने की प्रक्रिया का चरण-दर-चरण वर्णन करना और मतदाताओं को वीवीपैट के माध्यम से अपनी पसंद की पुष्टि करने के बारे में शिक्षित करना है। दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान दिल्ली के सभी 11 जिलों में 15 अक्टूबर 2024 से जारी है ताकि नागरिकों को मतदान प्रक्रिया और मशीनों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जा सके। अभियान को और बढ़ाते हुए, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि कुल 22 प्रदर्शन केंद्र (ईडीसी) दिल्ली के सभी 11 जिलों में स्थापित किए गए हैं, प्रत्येक जिले में दो ईडीसी (एक जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर और एक रिटर्निंग अधिकारी/राजस्व उप-मंडल कार्यालयों में) आम जनता को ईवीएम और वीवीपैट के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए स्थापित किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली के आम जनता/मतदाताओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और ईवीएम और वीवीपैट द्वारा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करें, जिससे मतदान दिवस पर उनका समय भी बचेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने यह भी बताया कि कुल 70 मोबाइल वैन (एमडीवी) भी तैनात की गई हैं (प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक) ताकि जागरूकता अभियान के दौरान सभी मतदान केंद्रों को कम से कम एक बार कवर किया जा सके।

## मैंने टॉप स्पीड पर काम कर दिया है शुरू : केजरीवाल

*अरविंद केजरीवाल ने महरौली विधानसभा में पदयात्रा कर लोगों से किया संवाद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के लोगों ने मुझे जेल भेजकर दिल्लीवालों को खूब परेशान किया, सीवर, पानी,सड़कों के सारे काम रोक दिए, वापस आकर मैंने टॉप स्पीड पर काम शुरु कर दिया है। यह बात बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के महरौली विधानसभा में पदयात्रा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने आप नेताओं के साथ पैदल चलकर स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया। स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया और कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी की क्या पहचान, केजरीवाल और झाड़ू का निशान' के नारे लगाए। केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले दिल्ली में 8-8 घंटे के पावर कट लगते थे, आज 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिल रही है। अगर भाजपा आ गई तो 10 घंटे तक पावर कट लगने शुरू हो जाएंगे और आपकी बिजली महंगी हो जाएगी। जिनके भी पानी के बिल ज्यादा आए हैं वो लोग पानी के बिल मत भरना, मैं सारे बिल माफ करा दूंगा। 10 साल में हमने कई चीजें सुधारी हैं, दिल्ली की जनता के साथ मिलकर अभी बहुत काम करने हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने एलजी के जरिए दिल्ली के काम रोकने की कोशिश की लेकिन नाकाम हो गई। मुझे काम कराने आते हैं, चाहे लड़कर या इनके पैरों में गिरकर लेकिन काम सारे करा लेता हूं। भाजपा जब एलजी के जरिए काम नहीं रोक पाई तो इन्होंने हम सबको जेल में डाल दिया। पिछले दो साल में मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन और मुझे जेल में डाल दिया। जब मैं जेल में था तो इन्होंने दिल्ली वालों को बहुत परेशान किया। सड़के टूटी हुई हैं, रिपेयर नहीं होने दी। पानी की समस्या खड़ी कर दी। सीवर ओवरफ्लो कर दिए। गंदगी हो गई। लेकिन जेल से बाहर आने के बाद मैंने तेजी से काम शुरू करा दिए हैं।



- मैं आ गया हूं, अब आप चिंता मत करना, सड़कें रिपेयर हो रही हैं, सफाई, अस्पतालों में दवाइयां, टेस्ट सब शुरू करवा दिए हैं : केजरीवाल

#### अब भाजपा की दिल्ली की सत्ता हथियाने की है योजना

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब भाजपा की साम, दाम, दंड, भेद अपनाकर दिल्ली की सत्ता हथियाने की योजना है। ये दिल्ली में काम नहीं करना चाहते हैं बल्कि 'आप' सरकार ने जो काम किए हैं, ये उन्हें रोकना चाहते हैं। अगर भाजपा में दिल्ली में आ गई तो 10 घंटे तक पावर कट लगने शुरू हो जाएंगे। गलती से भाजपा के बहकावे में मत आना। इनकी भाषा बहुत अच्छी होती है, बड़ी लच्छेदार भाषा इस्तेमाल करते हैं। भाजपा को भाषण देने आते हैं और हमें काम करने आते हैं।

अरविंद केजरीवाल जब महरौली विधानसभा में पदयात्रा के लिए पहुंचे तो उनसे मिलने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। लोग अरविंद केजरीवाल के साथ सेल्फी लेने में काफी उत्सुक दिखे। जिसमें बच्चों से लेकर युवा, महिलाएं व बुजुर्ग भी शामिल थे। पदयात्रा में कई लोगों ने अरविंद केजरीवाल के पैर छूकर और गले लगाकर दिल्ली में किए गए उनके कामों की सराहना की।

### डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयां भी नहीं मिल रही है पूरी

# सरकारी अस्पतालों में जांच किटों की भी हो गई कमी, कैसे होगा गरीबों का इलाज

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं के साथ अब जांच किटों की कमी हो गई है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में गरीब कैसे इलाज करा पाएंगे। ताजा उदाहरण दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार होने वाले गोविंद बल्लभ पंत (जीबी पंत) अस्पताल का है। यहां एक महिला मरीज न्यूरोलॉजी विभाग में जांच की रिपोर्ट लेकर डॉक्टर के पास पहुंची तो डॉक्टर ने उस महिला से कहा कि आपकी अभी जांचें पूरी नहीं हुई है। दरअसल जांच किटों के अभाव में जांच पूरी नहीं हो पाईं है। इसे आप बाहर करवा सकती हैं। अब तो समझ गए होंगे कि जब जांच ही पूरी नहीं तब इलाज कैसे होगा। यानी सरकारी अस्पताल में अब इलाज मिलना बहुत मुश्किल हो गया है। दरअसल महिला को डॉक्टर ने थायराइड के साथ विटामिन संबंधी दो और जांचों को कराने के लिए लिखा था। महिला ने 11 दिन पहले जांच के लिए रक्त संग्रह करवाया। जिसके बाद वह कल जांच की रिपोर्ट लेकर डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंची थी तो उन्होंने जांच रिपोर्ट देखी तो कहा कि अभी तो आपकी जांचें ही पूरी नहीं हुई हैं। इस पर मरीज ने डॉक्टर से पूछा कौन सी जांच नहीं हुई है तो उन्होंने कहा कि थायराइड की जांच हो गई है लेकिन जांच किटों की कमी से विटामिन संबंधी जांचें नहीं हो पाई हैं। इन जांचों को आप बाहर से करा सकते हैं। वहीं डॉक्टर ने महिला मरीज को तीन दवाएं लिखी। इन तीन दवाओं में महिला को अस्पताल से सिर्फ दो दवाएं मिलीं। एक दवा के लिए कहा गया कि यह दवा अभी अस्पताल में नहीं है। ऐसा इस महिला के साथ ही नहीं बल्कि यहां दवा लेने वाले सभी मरीजों के साथ हो रहा है। किसी को भी दवाएं पूरी नहीं मिल रही हैं।

#### डॉक्टरों पर काम का बोझ अधिक

जीबी पंत अस्पताल की बात करें तो यहां डॉक्टरों की कमी के चलते मौजूदा डॉक्टरों पर काम का बहुत अधिक बोझ है। हालत यह है कि एक-एक डॉक्टर को सैकड़ों मरीज देखने पड़ रहे हैं। एक विभाग में देखने को मिला कि एक डॉक्टर दो रेजिडेंट डॉक्टरों से साथ मरीजों को देख रहा था। ऐसे में डॉक्टरों को चाय पीने तक का समय नहीं मिल पाता है।




#### एक-एक कर्मचारी कर रहा है कई काम

जी बी पंत अस्पताल के कर्मचारियों की बात करें तो यहां कर्मचारियों की कमी के कारण एक-एक कर्मचारी कई-कई काम कर रहा है। उदाहरण के तौर पर जांच की तारीख और जांच रिपोर्ट देने का काम एक ही व्यक्ति कर रहा है। इससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। तारीख के लिए मरीजों को कई-कई दिन अस्पताल में चक्कर लगाने पड़ते हैं और जांच रिपोर्ट लेने वालों को भी चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिससे उन्हें इलाज मिलने में समय लगता है।

### चाहे जितनी भी देर हो जाए ओपीडी में रजिस्टर्ड मरीज को जरूर देखते हैं डॉक्टर

**नई दिल्ली।** डॉक्टरों की कमी के बावजूद जी बी पंत अस्पताल के डॉक्टर अपने काम के प्रति बहुत ही समर्पित नजर आते हैं। यहां जिस विभाग में जितने भी मरीजों का पंजीकरण होता है उन सभी मरीजों को डॉक्टर जरूर देखते हैं। इसके लिए उन्हें अस्पताल में चाहे जितनी भी देर बैठना पड़े। डॉक्टर पंजीकृत सभी मरीजों को देख कर ही कमरे से बाहर जाते हैं।

## गोपाल राय ने कृत्रिम बारिश के मामले पर फिर केंद्र को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कृत्रिम बारिश कराने की योजना को मंजूरी देने के लिए बैठक बुलाने का किया आग्रह

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को एक बार फिर केंद्र सरकार को पत्र लिखकर दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम रूप से बारिश कराने के सिलसिले में कृत्रिम बारिश के प्रस्ताव को मंजूरी देने को लेकर सभी हितधारकों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। राय ने दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच यह पत्र लिखा है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखे अपने पत्र में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने खतरनाक धुंध और प्रदूषण के स्तर से उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश समेत आपातकालीन उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यादव को इस संबंध में 30 अगस्त और 10 अक्टूबर को लिखे गए उनके पिछले पत्रों की भी याद दिलाई। राय ने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता पहले ही खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है और सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए 25 सितंबर, 2024 से शीतकालीन कार्य योजना लागू की है। हालांकि,स्थिति बिगड़ने पर हमें तत्काल राहत के लिए वैकल्पिक समाधान तलाश रहे हैं। दिल्ली सरकार ने पहले भी कृत्रिम बारिश की प्रक्रिया पर विचार किया है, जिसमें वातावरण से प्रदूषकों को हटाने के लिए कृत्रिम रूप से वर्षा करायी जाती है। हालांकि, इसके लिए रक्षा मंत्रालय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण समेत विभिन्न केंद्रीय सरकारी एजेंसियों से मंजूरी की आवश्यकता हो सकती है। राय ने कहा कि नवंबर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने की आशंका को देखते हुए इस समस्या से निपटने के लिए सभी संबंधित हितधारकों की बैठक बुलाई जानी चाहिए।



### 10 स्थानों पर पांच हजार के चालान

नगर निगम की ओर से शनिवार को 10 स्थानों पर तंदूर चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। निगम की ओर से उनपर 5000 रुपए के चालान काटे गए।

**अब तक 5 हजार लोगों के चालान कटे**

# उद्योगों और वाहनों से निकलने वाला धुआं हवा में घोल रहा जहर

**एनआईटी में पीएम-10 का अधिकतम स्तर 424 तक पहुंचा, ग्रैप की पाबंदियां लागू होने के बाद भी निर्माणाधीन इमारतों पर कार्रवाई न होने से चल रही मनमानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहर में उद्योगों और वाहनों से निकलने वाला धुआं और सड़कों और इमारतों के निर्माण से निकलने वाली धूल-मिट्टी शहर की हवा में जहर घोल रही है। ग्रैप की पाबंदियां लागू होने के बाद भी शनिवार को भी कई स्थानों पर सड़कों और इमारतों का निर्माण जारी रहा। शहर में शनिवार को सबसे अधिक प्रदूषित रहे एनआईटी क्षेत्र में पीएम-10 का स्तर 424 पहुंच गया। यहां उद्योगों और वाहनों से निकलने वाले धुएं के चलते पीएम-2.5 का स्तर भी अधिकतम 317 पर पहुंचा। एनआईटी केंद्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक ऑरेंज जोन में अधिकतम 244 पर रहा। वहीं, पूरे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक का भी औसत 192 दर्ज किया गया।

शहर में शनिवार को हवा की गति मध्यम पड़ने पर शहर के चारों प्रदूषण मापक केंद्र का औसत स्तर 192 तक पहुंच गया। प्रदूषण नियंत्रक केंद्र की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार लंबे समय तक प्रदूषण की यह स्थिति बने रहने से लोगों को सांस की बीमारी होने की संभावना बताई गई है। इस दौरान सुबह और शाम के समय शहर के वायुमंडल में धूल और धुएं का गुबार भी महसूस हुआ। प्रदूषण के चलते लोगों ने आंखों में जलन महसूस की। वहीं, शहरवासियों को गले में हल्का संक्रमण और खांसी-जुकाम की भी शिकायत देखने को मिली। दूसरी ओर, शहर में लगातार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की पाबंदियों के बावजूद निर्माण कार्यों पर लगाम नहीं लग पा रही है। नगर निगम की ओर से दी गई चेतावनी के बावजूद एनआईटी, बल्लभगढ़ में कई स्थानों पर इमारतों का निर्माण कार्य बदस्तूर जारी दिखा। एनआईटी-4-5 चौक के पास बिजली के तार डालने के चलते सड़क पर खुदाई का कार्य चल रहा है।

### बल्लभगढ़ प्रदूषण मापक केंद्र पर ओजोन का स्तर 135 पहुंचा

नाथू कालोनी बल्लभगढ़ स्थित हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के मापक केंद्र पर ओजोन और सल्फर डाई ऑक्साइड का अधिकतम स्तर 135-135 दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार इन गैसों का प्रभाव फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक इनके असर से लोगों को फेफड़ों की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। यहां पर वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में 206 दर्ज किया गया। इस क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में उद्योग हैं।

## खबर संक्षेप

### 300 ग्राम गांजा सहित आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप उर्फ सोनू ओल्ड प्रेस कॉलोनी मुजेसर का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से प्रेस कॉलोनी मुजेसर से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह दिल्ली सदर बजार में किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपए में 500 ग्राम गांजा बेचने व प्रयोग करने के लिए खरीद कर लाया था।



### जीडीए ने चलाया अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान

**गाजियाबाद।** जीडीए के प्रवर्तन जोन-8 की टीम ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें शालीमार गार्डन के भूखण्ड संख्या 45, 46 विक्रम इन्कलेव पर किये गए पार्टीशन वाल एवं उक्त भूखण्ड में लगभग 150 वर्ग गज में निर्माणाधीन एक भवन तथा भूखण्ड संख्या 551 शालीमार गार्डन एक्स0-1 पर लगभग 80 वर्ग मीटर निर्माणाधीन भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।



### कार में टक्कर मारने के बाद दंपती से की मारपीट

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम क्षेत्र के रहीसपुर में रहने वाले अमित कुमार शर्मा की कार में तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार उनकी काफी दूर जाकर दीवार से टकरा गई। आरोप है कि विरोध करने पर कार सवारों ने उनके व उनकी पत्नी से अभद्रता करते हुए मारपीट की। मामले में उन्होंने मधुबन बापूधाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में अमित कुमार शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर को वह पत्नी और बेटे के साथ कार से रिश्तेदारी में जा रहे थे।



**गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का हो रहा सपना साकार**

# विधायक ने दिया अधिकारियों को एक माह का अल्टीमेटम, बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का सपना साकार हो रहा है और आने वाले वर्षों में गुरुग्राम को एक विश्वस्तरीय शहर के रूप में उभरता देखने का प्रयास जारी रहेगा।

विधायक मुकेश शर्मा बुधवार को अपने कार्यालय निवासी पर पहुंचने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। उनको शुभकामनाएं देने पहुंचे लोगों ने मुकेश शर्मा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गुरुग्राम, स्वस्थ गुरुग्राम अभियान और शहर के विकास के लिए उनकी प्राथमिकताओं की सराहना की।

मुकेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ गुरुग्राम के लिए हमारा अभियान केवल एक पहल नहीं है, बल्कि एक दीर्घकालिक लक्ष्य है। जिसके माध्यम से हम आगामी 100 दिन में शहर को स्वच्छता और स्वास्थ्य के नए मानदंडों तक ले जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम को साफ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। जिनमें ठोस कचरा प्रबंधन, स्वच्छता की जागरूकता, गुरुग्राम के विभिन्न स्थानों पर कूड़ेदान की व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की मुहिम प्रमुख हैं।

**नागरिकों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया**

विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया



विधायक मुकेश शर्मा का अभिनंदन करते लोग।

### 2 प्रकार के कूड़ेदान रखने की अपील की

इसके अलावा, उन्होंने नागरिकों से अपने घरों में 2 प्रकार के कूड़ेदान रखने के लिए अपील की है। जिससे गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग हो और जिससे कूड़े का निस्तारण अच्छे से किया जा सके। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम मुहिम भी शुरू की है, जिससे वह लोगों को प्लास्टिक के बजाय उसके वैकल्पिक साधनों का प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं।

### सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया

स्वच्छ गुरुग्राम, स्वस्थ गुरुग्राम अभियान के अंतर्गत कई स्वच्छता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। जिसमें कचरा प्रबंधन के लिए नई जटायु मशीनों का उपयोग, कचरा निस्तारण के बेहतर साधन, और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था शामिल है। मुकेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस अभियान के तहत नागरिकों को भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया है, ताकि स्वच्छता को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जा सके। विधायक शर्मा ने गुरुग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया है। स्वस्थ गुरुग्राम का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक को आधुनिक एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इसके लिए जल्द ही 700 बेड का नया अस्पताल बनने जा रहा है।

**विधायक बनने के बाद पहली बार शर्मा ने ली समीक्षा बैठक**

## अधिकारियों को निर्देश जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के फोन को न करें इग्नोर, उनकी समस्याओं को करें दूर

**फरीदाबाद।** मिनी सचिवालय में नगर निगम और एफएमडीए के अधिकारियों की समीक्षा बैठक बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा ने ली। विधायक बनने के बाद पहली बार मिनी सचिवालय में यह बैठक ली गई है । विधायक मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ बल्लबगढ़ में सीवर, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओ को लेकर फीड बैक लिया और चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि अब चुनाव हो चुके हैं पूरे बहुमत से सरकार बन चुकी है इसलिए कोई बहाना नहीं चलेगा जनता के और भाजपा कार्यकर्ताओं के फोन उठाएं और उनकी समस्याओं को दूर करने का काम करें।



### अधिकारियों ने समस्याओं पर समाधान की बात कही

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को बल्लभगढ़ विधानसभा में पानी की सप्लाई बढ़ाने जिसमें सेक्टर 23 ए, संजय कालोनी मुजेसर एरिया में पानी की सप्लाई बढ़ाने को लेकर नए ट्यूबवैल लगाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए सीवर जाम और पानी की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

### बैठक में ये लोग शामिल हुए

बल्लभगढ़ के एसडीएम मयंक भारद्वाज, नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर करण भदौरिया, एफएमडीए के चीफ इंजीनियर विशाल बंसल, अधीक्षक अभियंता बीडी बंकर, कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी और शहर के प्रमुख लोगों में प्रेम खट्टर प्रधान व्यापार मंडल आदि।

**52 शिकायतों में से 12 का हुआ निपटारा**

## जन समस्या निवारण शिविर में शिकायतों का हो रहा निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आम जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के लिए निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इसके अलावा बल्लभगढ़ जोन में संयुक्त आयुक्त करण, ओल्ड जोन में संयुक्त आयुक्त सुमित और ग्रेटर फरीदाबाद में संयुक्त आयुक्त कुमारी द्विजा की अध्यक्षता में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आम जन के लिये सभी आवश्यक सुविधाऐं जैसे पीने के पानी, कुर्सियों आदि की सुविधा का प्रबंध भी किया गया। उक्त समाधान शिविर में निगम मुख्यालय से 26 शिकायतें, ओल्ड जोन से 10 शिकायतें, बल्लभगढ़ जोन से 16 शिकायतें तथा ग्रेटर फरीदाबाद से 0 शिकायतें प्राप्त हुई। बुधवार को लगने वाले समाधान शिविरों में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया तथा प्रार्थियों ने भी अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, पानी, सीवरेज, सड़कें व सफाई संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। जिसके लिए वहां संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिए गए।



## उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा जिले में फसल अवशेष व पराली जलाने पर रहेगा प्रतिबंध

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला फरीदाबाद में धान की कटाई के उपरांत फसल अवशेष व पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली की ओर से भी फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हुए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण 1981 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने किसानों से आह्वान किया कि वे धान की कटाई के उपरांत फसल अवशेष व पराली न जलाएं, बल्कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए अतिरिक्त कमाई करें। कई किसान धान की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जला देते है, जिससे उत्पन्न धुंआ आसमान में चारो तरफ फैल जाता है, जोकि आसमान के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। आगजनी की घटनाओं से सम्पति तथा मानव जीवन की हानि की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

- जिले में धारा 163 लागू

**दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, दो तमंचे व औजार बरामद**

## गाजियाबाद: गोकशी करने वाले दो अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना भोजपुर के फरीद नगर में कुछ दिन पहले गोकशी की घटना को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उनका एक साथी फरार होने में कामयाब हो गया। इन अपराधियों के कब्जे से दो तमंचे और गौकशी करने वाले उपकरण भी बरामद हुए।

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मंगलवार की रात में थाना भोजपुर पुलिस अपराध रोकथाम के लिए फरीदगर के जंगल में कांबिंग की जा रही थी। जंगल में गोकशी करने की फिराक में मौजूद 3 अपराधियों की घेराबंदी की गई। अपने आप को घिरता देखकर इन अपराधियों द्वारा पुलिस टीम पर लक्ष्य कर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।



पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम दानिश उम्र 31 वर्ष व अय्यूब पुत्र उम्र 28 वर्ष निवासी कस्बा फरीदनगर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद बताया तथा फरार बदमाश का नाम सारून बताया। उन्होंने बताया कि अल्तुबत को फरीदनगर में घटित गोकशी की घटना संबंध में थाना भोजपुर पर अभियोग पंजीकृत है।

## जिलाधीश सिंह ने कहा पटाखों के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**प्रशासन द्वारा 92 किलो अवैध पटाखे जब्त**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन फरीदाबाद जिले में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में जिला में पर्यावरण के लिए घातक बेरियम साल्ट वाले पटाखे बेचने व प्रयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।



जिला में किसी को भी सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों की जिला में अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। सेक्टर-88 के आरपीएस सिटी स्थित गोदाम से करीब 92 किलो अवैध पटाखे जब्त किए गए हैं। पटाखों को चेक किया व पटाखों के ग्रीन सर्टिफिकेट चेक किए जो ग्रीन फायर क्रेकर की कैटेगरी में नहीं आते।

### प्रेम प्रसंग में फंसाकर किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक किशोरी को प्रेम प्रसंग में फंसाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले गिरफ्तारी के बाद जेल से छूटने पर फिर से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जून में किशोरी में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अलीगढ़ के चंडौस निवासी रविंद्र कुमार उर्फ रवि है।

## निगम टीमों ने सेक्टर-17 मार्केट व सेक्टर-22 रोड को किया अतिक्रमण मुक्त

**शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए ननि ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शहर की सड़क, फुटपाथ व बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष सिंगला के नेतृत्व में गठित एनफोर्समेंट टीमें प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों अतिक्रमण हटा रही हैं।

एनफोर्समेंट टीमों ने बुधवार को सेक्टर-17 मार्केट सहित सेक्टर-22 रोड़ व आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया। इस दौरान रेहड़ी, पटरी, फड़ी, खोखों, बोर्ड, शेड सहित अन्य प्रकार के अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। टीमों ने अतिक्रमण करने वालों के सामान को भी जब्त किया है। साथ ही मौके पर हिदायत दी कि दोबारा से अतिक्रमण ना करें, अन्यथा उनके खिलाफ अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



अतिक्रमण हटाती निगम की इंफोर्समेंट टीम।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार जनहित को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण न किया जाए क्योंकि अतिक्रमण के कारण आमजन व वाहन चालकों को परेशानी होती है। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण सड़कें तंग हो जाती हैं, जिससे यातायात जाम होता है। इसी प्रकार फुटपाथ रेहड़ी या सामान रखने के लिए नहीं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए हैं।

**पुलिस ने गुरदासपुर पंजाब से आरोपी को दबोचा**

## महिलाओं के कानों से कुंडल लूटने वाला 50 हजार का इनामी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना मुरादनगर व थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने बुधवार को 50 हजार के इनामी लुटेरे को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूटे गए 10 कुंडल व टॉप्स (पीली धातु), घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 2320 रुपए नकद बरामद किए हैं। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि थाना मुरादनगर इलाके में 30 सितम्बर को सुबह घर के बाहर गली में टहलते समय एक महिला के अचानक पीछे से आकर कानों के कुंडलों को झपट्टा मारकर छीन जाने की घटना हुई थी।

दो अक्टूबर को अपने खेत पर घास लेने जाते समय एक महिला से एक बदमाश ने तमंचा दिखाकर कानों की बालियां छीन कर भाग जाने की घटना हुई थी। दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी।



बुधवार को स्वाट टीम ग्रामीण जोन, थाना मुरादनगर व थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम ने घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 50 हजार रुपए का इनामी शातिर लुटेरे जितेन्द्र उर्फ रवि उर्फ विजय निवासी ग्राम कतीब बटाला थाना सदर जिला गुरुदासपुर पंजाब को कतीब बटाला थाना सदर जिला गुरुदासपुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः नरेश कुमार उर्फ रोहित, पुत्रः स्वर्गीय रंधावा, निवासीः मकान नं. 44, वीपीओ–सुरखपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.424/2016 U/s 33/38/52/58 D. EXCISE ACT** के तहत एक मामला **थाना रणहौला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **नरेश कुमार उर्फ रोहित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **नरेश कुमार उर्फ रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **नरेश कुमार उर्फ रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या इससे पहले अदालत में हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित करण सिंह**
**DP/13611/OD/2024 एल.डी. एमएम—08, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली मंडल में चिन्हित यार्डों में रोबोटिक वेल्डर की तकनीक का उपयोग करके सीएमएस क्रॉसिंगों की इन–सीटू मरम्मत का कार्य (यार्डों के सुधार के काम का एक हिस्सा – 34 संख्या – दिल्ली डिवीजन) | रू. 35171210.27 | रू. 3,25,900/- | 10 माह | 15.11.2024 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 15.11.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। पत्र सं.–128–डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं./निविदा–18–2024–25–डब्ल्यु सी दिनांक – 22.10.2024 3280/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 28.10.24 एवं 02.11.24 |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04520 | अम्बाला कैंट जं. | 19:00 | दरभंगा जं. | 19:00 | तिथि वार | शुक्रवार | 25.10.2024 |
| 04519 | दरभंगा जं. | 21:30 | अमृतसर जं. | 06:30 | | शनिवार | 26.10.2024 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 Upto |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 एवं 02.11.24 |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 27.10.24 एवं 03.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



# डाइट प्लान रखें सही कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल

आज के दौर में डाइट को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से ओल्ड ही नहीं यंग और मिड एज के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है। इससे कई डिजीजेज का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में डाइट को कंट्रोल करना बहुत जरूरी है।

**डाइट सजेशन**
डॉ. माजिद अलीम



हमारे रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का अधिक होना, हृदय रोग को बुलावा देना है। कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर में तब तक हार्मफुल नहीं होता है, जब तक इसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा ना हो। हमारे शरीर की कोशिकाओं के निर्माण, विटामिंस और अन्य हार्मोन बनाने के लिए इसकी जरूरत होती है। हमें कोलेस्ट्रॉल दो स्रोतों से मिलता है- पहला हमारा लिवर अपनी जरूरत के हिसाब से कोलेस्ट्रॉल बनाता है। दूसरा, यह हमें विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे- मांस, मछली और डेयरी उत्पादों से प्राप्त होता है। ये खाद्य पदार्थ ट्रांसफैट युक्त होते हैं, यही वसा हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। कोलेस्ट्रॉल हमारे रक्त में सर्कुलेट होता है। जब शरीर में इसकी मात्रा बढ़ती जाती है, तो हमारे हेल्थ पर कई बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

**फैट इनटेक को समझें:** इस बात को समझना जरूरी है कि हम अपनी डाइट में जो फैट लेते हैं, वह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रभावित करता है। इसलिए खाना पकाने के लिए सही तेल का यूज करना जरूरी है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को ना बढ़ाए। चावल की भूसी, तिल का तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, कैनोला, जैतून आदि के तेल खाना बनाने में इस्तेमाल करना फायदेमंद है। इसके अलावा सलाद ड्रेसिंग, डिप्स और सॉस, बाजार से लेने की बजाय घर पर बनाएं। खाद्य पदार्थों को डीप फ्राय के बजाय ग्रिल करें, रोस्ट या बेक करें ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल किया जा सके।



**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है। एक, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल- जो हमारे लिए नुकसानदेह होता है। दूसरा, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल-जो हमारे शरीर के लिए अच्छा होता है। एलडीएल का बहुत अधिक होना या एचडीएल का पर्याप्त मात्रा में ना होने से यह कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे हमारी धमनियों की भीतरी दीवारों में जमा हो जाता है और एक मोटी और सख्त परत बना देता है। नतीजतन, धमनियां सख्त हो जाती हैं और उनका रास्ता संकरा हो जाता है। इससे शरीर में रक्त के थक्के बनने लगते हैं, इन संकरी धमनियों में अगर अवरोध पैदा हो जाए, तो इससे दिल का दौरा या स्ट्रोक हो सकता है। ऐसे में यहां बताए जा रहे सरल उपायों से हम कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित कर सकते हैं।

**फास्ट-जंक फूड से परहेज:** कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण के लिए जहां ज्यादा कोलेस्ट्रॉल युक्त भोज्य पदार्थों में कटौती करना जरूरी होता है, वहीं भोजन की कुल कैलोरीज पर भी नियंत्रण करना जरूरी होता है, तभी कोलेस्ट्रॉल की गति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए हमें जंक फूड और फास्ट फूड से जितना हो सके दूर रहना चाहिए।

**दूध का सेवन:** जो लोग फुलक्रीम दूध पीना पसंद करते हैं, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। फुलक्रीम दूध, पनीर, मलाई, खोया, मक्खन और देसी घी की जगह डबल टोंड दूध का उपयोग करें। डबल टोंड दूध के ही प्रोडक्ट लें क्योंकि फुलक्रीम दूध सैचुरेटेड ज्यादा होता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है।

**फल-सब्जियां खाएं:** साबुत अनाज, बींस, फलियां, मेवे, सब्जियां, मछली और सी फूड जैसे कम कोलेस्ट्रॉल युक्त, एनिमल प्रोटीन से भरपूर हेल्दी डाइट लें। मीठे खाद्य पदार्थ और रेड मीट, नमकीन खाद्य पदार्थ, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और ज्यादा पॉश्चुराइज्ड खाद्य पदार्थों का कम से कम सेवन करें। छिलकेदार दालें, चोकर और साबुत अनाज के पानी में घुलनशील रेशे ज्यादा होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखते हैं और शरीर में उसके एब्जॉर्ब होने की क्रिया पर रोक लगाते हैं। इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल घटता है और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल में बढ़ोत्तरी होती है। इनके अलावा फिजिकल एक्टिविटीज से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है। इस तरह आप हार्ट प्रॉब्लम के रिस्क को काफी कम कर सकते हैं। *

बढ़ती एज में हमारी फिटनेस और एक्टिवनेस काफी हद तक हमारी बोंस हेल्थ पर निर्भर करती है। इसलिए मिड एज और ओल्ड एज में हमारी फिटनेस बनी रहे, इसके लिए यंग एज से ही बोंस हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही वीक बोंस की वजहों के बारे में और उससे बचाव के तरीकों के बारे में भी आपको पता होना चाहिए।

# हमेशा रहना है फिट-एक्टिव बोंस हेल्थ पर दें ध्यान

**फिटनेस**
रेखा देशराज







अपनी छोटी सी न्यूक्लियर फैमिली के साथ आशुतोष बैंक में जॉब करते हैं। घर और बाहर दोनों जगह की जिम्मेदारी बखूबी संभालते हैं। सुबह समय पर ऑफिस पहुंचना, बैंक में दिन भर पब्लिक डीलिंग की आपा-धापी, फिर शाम को घर पहुंचकर बच्चों को पढ़ाना और चूंकि एक अखबार के लिए आर्थिक मसले पर साप्ताहिक कॉलम भी लिखते हैं, इसलिए उसकी तैयारी करना। इस सबके अलावा चूंकि उनके मां-बाबूजी गांव में रहते हैं, इसलिए हर दिन उन्हें फोन करना, हाल-चाल पूछना आदि भी उनकी व्यस्त दिनचर्या का हिस्सा होता है। इस सबके बीच पहले जब उन्हें कभी कमर आदि में दर्द होता था, तो वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। लेकिन 45 पार करते-करते उन्हें महसूस होने लगा कि अब उनके शरीर में बदलाव हो रहे है। एक किलोमीटर पैदल चलने पर भी अब उन्हें थकान होने लगती है। उनके एक घुटने में लगातार दर्द रहने लगा है। साथ ही दांतों से संबंधित समस्याएं भी होने लगी हैं। हाल में ही वह जब डॉक्टर से मिले और उनके कहने के मुताबिक चेकअप कराया तो पता चला उनकी हड्डियों में कमजोरी है, उनमें पोषण की कमी है।

## बोंस वीकनेस की वजहें

आशुतोष जी की कहानी हममें से ज्यादातर लोगों की हो सकती है, क्योंकि हम सब युवावस्था में अधिकतर अपनी हड्डियों पर जरा भी ध्यान नहीं देते। कहीं दर्द हुआ तो इसे कोई समस्या मानने की बजाय लाइफस्टाइल का हिस्सा समझते हैं। जबकि हमें तभी अपनी हड्डियों के चेकअप की जरूरत होती है। कहीं पर नियमित दर्द होना खासकर जोड़ों में, हड्डियों से उसका रिश्ता होता है। समय पर हड्डियों पर ध्यान देना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि हमारे शरीर का मूल ढांचा वही होती हैं। हड्डियों से संबंधित समस्याएं शरीर में कैल्शियम, विटामिन डी और फास्फोरस की कमी से हो सकती हैं। इस कमी की कई वजहें हो सकती हैं-भोजन में पोषक तत्वों की कमी, एक्सरसाइज बिल्कुल ना करना, शरीर को जरूरी धूप ना मिलना आदि।

## वीक बोंस के लक्षण

चलने-फिरने में थकान महसूस होना, कंधें में या घुटनों में दर्द, पूरे शरीर में दर्द या पैदल चलने के



बाद जोड़ों में दर्द होना, ये सब कमजोर हड्डियों के सूचक होते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा है तो अपनी हड्डियों की मजबूती के लिए सचेत हो जाइए।

## नहीं बरतनी चाहिए लापरवाही

अगर डॉक्टर की सलाह पर शुरुआती लक्षणों के सामने आते ही हम इन कमियों को दूर कर लेते हैं तो हड्डियों की समस्याएं समय रहते दूर हो जाती हैं वरना कुछ ही दिनों में विकराल समस्या का रूप ले लेती हैं। विशेषकर महिलाओं के लिए लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। दरअसल, हड्डियों की मजबूती काफी हद तक हमारे शरीर में कैल्शियम की मौजूदगी पर निर्भर करती है। शरीर में यदि पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम है तो हड्डियां ताउम्र मजबूत रहती हैं वर्ना शरीर की मांसपेशियों की मांसलता में कमी होते ही ये चटखने लगती हैं। इसलिए मिड एज के बाद कैल्शियम की रेग्युलर टेस्टिंग जरूरी है। इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### रेग्युलर टेस्ट है जरूरी

आज की लाइफस्टाइल को देखते हुए तीस साल की उम्र के बाद एक बार हड्डियों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए ताकि पता चल सके कि हमारी हड्डियों की स्थिति क्या है? चालीस साल से ऊपर की महिलाओं और 50 साल के ऊपर के पुरुषों के लिए तो यह जांच अनिवार्य हो जाती है। साथ ही कुछ-कुछ सालों के अंतराल पर बोन डेंसिटी टेस्ट भी कराते रहना चाहिए।



## यंग एज में भी बढ़ रहा रिस्क

वीक बोंस होने पर 45-50 की उम्र पार करते ही कमजोर हड्डियों वाले स्त्री-पुरुषों को ऑस्टियोपोरोसिस घेरने लगता है। लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण यह 30 पार करने के बाद भी लोगों को अपनी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, दिन के ज्यादातर समय कृत्रिम रोशनी में गुजारने वाले युवकों के शरीर में भी विटामिन-डी3 की कमी हो जाती है। इसके अलावा एक्सरसाइज से बचना स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। आजकल आरामपसंद कई लोग छुट्टी वाले पूरे दिन भी वातानुकूलित कमरे गुजार देते हैं। ये लोग भूल जाते हैं कि इनके शरीर को विटामिन-डी3 की भी आवश्यकता है, जो सूरज की धूप से नेचुरली मिलती है। आजकल लोग अपने छोटे बच्चों को भी घर के बाहर धूप में खेलने नहीं देते इसलिए बचपन से ही हड्डियों की मजबूती खतरे में पड़ जाती है। चिकित्सकों का मानना है कि धूम्रपान, नशा और आरामतलब जीवनशैली का सबसे ज्यादा बुरा असर हड्डियों पर ही पड़ता है।

## न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज

स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए बचपन और टीनएज में खान-पान ऐसा होना चाहिए, जिससे हड्डियों को पूर्ण पोषण मिल सके। प्रतिदिन एक गिलास दूध या दूध



से बने खाद्य पदार्थ पनीर, मक्खन, दही आदि खाना चाहिए। हर दिन 20 से 25 मिनट धूप में रहना चाहिए। इस सबके साथ हर दिन कम से कम आधा घंटा व्यायाम बहुत जरूरी है। व्यायाम के लिए स्वीमिंग, ऐरोबिक्स या साइक्लिंग जैसी एक्सरसाइज कम उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त होती है। 40-50 साल की आयु के बाद एक्सरसाइज में ब्रिस्क वॉक जैसी एक्सरसाइज हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होती है। लेकिन शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी3 कमी को पूरा करने के लिए कोई भी सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर ही लेनी चाहिए। *

### तब हो जाएं एलर्ट

- अगर जरा सी चोट लगने पर फ्रेक्चर हो जाए।
- हड्डियों और जोड़ों में अकसर दर्द रहता हो।
- नाखून कमजोर हों और जरा सी चोट पर फट जाते हों।
- नाखून बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ते हों और टूटकर उल्टी दिशा में मुड़ जाते हों।
- दिन भर थकान महसूस होती हो।



**हेल्थ स्टडी**

# बचपन में हाई बीपी कई गुना बढ़ाता है स्ट्रोक का रिस्क

आज के दौर में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लोग मानते हैं कि अनियमित खान-पान के कारण ऐसा हो रहा है। लेकिन हाल ही में हुई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बचपन और किशोरावस्था में होने वाला हाई ब्लड प्रेशर, वयस्क होने पर दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसे गंभीर स्वास्थ्य खतरों को चार गुना तक बढ़ा देता है। बचपन में होने वाले हाई ब्लड प्रेशर को लेकर किया गया यह शोध कनाडा के ओंटारियो में 1996 से 2021 के बीच 25,605 बच्चों और किशोरों पर किया गया, जिनमें हाई बीपी की समस्या थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन बच्चों और किशोरों में बचपन से ही हाई ब्लड प्रेशर था, उनमें बड़े होने पर दिल का दौरा, स्ट्रोक या दिल से जुड़ी सर्जरी का खतरा उन लोगों की तुलना में दो से चार गुना अधिक था, जिनमें यह समस्या नहीं थी। कनाडा के शोधकर्ताओं का यह शोध हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और कम उम्र में ही इसके खतरों को कम करने के महत्व को रेखांकित करता है।




शोधकर्ताओं ने अपने इस शोध से निष्कर्ष निकाला कि बचपन में हाई ब्लड प्रेशर का वयस्क जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और यह दिल की बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है। शोधकर्ताओं का यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बच्चों और किशोरों में हाई ब्लड प्रेशर को जल्दी पहचानना और उसका इलाज करना बेहद जरूरी है। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों को पहचानना मुश्किल हो सकता है क्योंकि अकसर सामान्य लक्षणों जैसे सिरदर्द, थकान, नाक से खून आना और सांस लेने में तकलीफ के कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटापा, परिवार में हाई ब्लड प्रेशर का इतिहास, किडनी की समस्याएं और कुछ दवाएं शामिल हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर का इलाज लाइफस्टाइल में बदलाव, दवाओं और अन्य मेडिकल ट्रीटमेंट के माध्यम से किया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम और बैलेंस्ड बॉडी वेट रखना हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बारे में शोधकर्ताओं का कहना है कि इस समस्या से बचने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित रूप से बच्चों की जांच करानी चाहिए। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

**अवेयरनेस**
शिखर चंद जैन

आमतौर पर माना जाता है कि कैल्शियम की कमी से केवल बोंस वीक होती हैं। यह तो सही है ही लेकिन इससे हेल्थ संबंधी कई और प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# कैल्शियम की कमी से हो सकती कई प्रॉब्लम्स



शरीर में कैल्शियम की कमी से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए अपने भोजन में इस महत्वपूर्ण मिनरल की कमी ना होने दें, इस बात का पूरा ध्यान रखें।

**दांत और हड्डी:** शरीर में कैल्शियम की कमी का सबसे पहले दांतों और हड्डियों पर विपरीत असर पड़ता है। शरीर में मौजूद 99 फीसदी कैल्शियम दांतों और हड्डियों के निर्माण में ही काम आता है। बाकी मसल्स और टिश्यू की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने में काम आता है। जब हम अपनी डाइट में कैल्शियम नहीं लेते, तो हड्डियां और नाखून कमजोर होने लगते हैं और जोड़ों के दर्द की समस्या भी होने लगती है।

**अनियमित हार्ट बीट:** हार्ट के सही तरीके से काम करने के लिए भी कैल्शियम बेहद जरूरी है। इसके अभाव में हृदय की धड़कन यानी हार्ट बीट्स बढ़ सकती हैं, जिससे बेचैनी महसूस हो सकती है। कैल्शियम हार्ट को ब्लड की पंपिंग में मदद करता है और इसकी कार्यप्रणाली को स्मूद करता है।

**न्यूरो प्रॉब्लम:** कैल्शियम की कमी, सिरदर्द और मिर्गी के दौरे का सबब बन सकती है। सिर में अत्यधिक दबाव के कारण टीस सी उठने लगती है। कई बार इस मिनरल की कमी डिप्रेशन, अनिद्रा, पर्सनालिटी चेंज और डिमेंशिया जैसे न्यूरोसाइकिएट्रिक समस्याओं का भी सबब बन जाती है।

**मांसपेशियों में ऐंठन:** अगर मांसपेशियों में रह-रहकर खिंचाव आ जाता है, तेज दर्द होता है या ऐंठन आने लगती है, तो समझ जाएं कि यह कैल्शियम की कमी के शुरुआती संकेत हैं। कैल्शियम की कमी से पैरों की मसल्स और जोड़ों के आस-पास क्रैंप्स आते हैं। ऐसा अधिकतर रात के वक्त होता है।

**ड्राइ स्किन-एक्जीमा:** शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा रहने से स्किन की नमी बरकरार रहती है। अगर आपकी त्वचा रूखी और बेजान है, तो यह कैल्शियम डेफिसिएंसी का संकेत हो सकता है।

**अंगों में सुन्नता:** अगर अंगों में सुन्नता या शिथिलता महसूस होने लगे, तो यह कैल्शियम की कमी की ओर इशारा करता है। इसका समय रहते उपाय ना किया जाए, तो ओस्टियोपोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है।

**पीएमएम के लक्षण:** कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम के लक्षण तीव्र हो जाते हैं। पीठ, कमर और पेट में दर्द अधिक होने लगता है। कुछ महिलाओं में तो ब्लड फ्लो भी बढ़ जाता है।

**दांतों में पीलापन:** शरीर में मौजूद कैल्शियम को दांत भी एब्जॉर्ब करते हैं। जब इसकी कमी होने लगती है तो दांतों में पीलापन नजर आने लगता है। इस तरह दांतों में पीलेपन की एक वजह कैल्शियम की कमी भी हो सकती है।

**कैल्शियम की डोज:** वयस्क पुरुष को प्रतिदिन 1200 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है, महिला को 1500 एमजी और बच्चों को 1000-1200 एमजी की जरूरत होती है। कुछ फूड्स के प्रति 100 ग्राम में कैल्शियम की मात्रा इस प्रकार होती है- गेहूं में 50 एमजी, सोयाबीन में 260 एमजी, मटर में 200 एमजी, राजमा में 240 एमजी, गाय के दूध में 120 एमजी, स्किम्ड मिल्क में 120 एमजी और दही में 150 एमजी। इस आधार पर अपनी डाइट प्लान कर सकते हैं। लेकिन आहार में कैल्शियम सप्लीमेंट शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य ले लें। अपने मन से सप्लीमेंट लेने का फैसला नुकसानदायक हो सकता है। *

**(डायटीशियन संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

ब्रेन स्ट्रोक एक सीरियस मेडिकल डिजीज है। हर साल 29 अक्टूबर को वर्ल्ड स्ट्रोक-डे मनाया जाता है, ताकि इसकी गंभीरता के बारे में ना सिर्फ आम लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार और बचाव के संबंध में भी बेहतर तैयारी की जा सके।

# ब्रेन स्ट्रोक मेडिकल ट्रीटमेंट में ना करें देर

**अवेयरनेस**
डॉ. एम. अलीम

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ 'स्ट्रोक' भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है, जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वेस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे स्ट्रोक आ जाता है।

**कई तरह के स्ट्रोक:** स्ट्रोक की अलग-अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल, नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी गति के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करना चाहिए।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** वर्ष 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक दुनिया भर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। साल 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौतें हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**स्ट्रोक के कारण:** स्ट्रोक का सबसे बड़ा नींद की कमी, खान-पान और एक्सरसाइज में संतुलित तालमेल का ना होना, मोटापा, ब्लड प्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है। पहले जहां स्ट्रोक एक उम्र के बाद आया करता था, वहीं अब यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को आ जाता है। साथ ही महिलाओं को स्ट्रोक आने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। स्ट्रोक कम उम्र के नौजवानों को भी अब ज्यादा चपेट में ले रहा है।



**इससे बढ़ता है रिस्क:** जब हमारा उच्च रक्तचाप नियंत्रण से बाहर होता है। हमारी आहार आदतों के कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाती है। मधुमेह अनियंत्रित होती है, फलों और सब्जियों की हमारे खान-पान में बिल्कुल ही नहीं या बहुत कम भागीदारी होती है, तो ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए धूम्रपान पूरी तरह से छोड़ दें, शराब बिल्कुल ना पीएं, हर दिन मौसमी फल और हरी सब्जियां जरूर खाएं।

**अवेयरनेस है जरूरी:** आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। *



पूजा स्थल अधिनियम किसी भी धार्मिक ढांचे, जो 15 अगस्त, 1947 को मौजूद था, को परिवर्तित करने से रोकता है

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका एक साथ सुनवाई के खिलाफ अर्जी खारिज, अब तय होंगे वाद बिंदु

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के मामलों की सुनवाई एकसाथ करने के आदेश को वापस लेने की मुस्लिम पक्ष शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की री-काल अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बुधवार दोपहर बाद खुली अदालत में सुनाया। मामले पर अब अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी। अदालत अब वाद के बिंदु तय करेगा। इस आदेश के बाद हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल डेढ दर्जन मुकदमों पर एकसाथ सुनवाई का रास्ता साफ़ हो गया है। कोर्ट ने इस आदेश से इसी साल 11 जनवरी के अपने फैसले को सही ठहराया है। शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल 18 मुकदमों पर एकसाथ सुनवाई किए जाने के आदेश को री-काल करने की मांग में अर्जी दाखिल की थी।

हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए 18 मुकदमे दाखिल किए हैं



### मुस्लिम पक्ष ने कहा-मुकदमों में असमानताएं हैं

शाही ईदगाह पक्ष की तरफ से कहा गया था कि हिंदू पक्ष के मुकदमों में असमानताएं हैं और अलग-अलग मांग की गई है इसलिए इन मुकदमों को एक साथ नहीं सुना जाना चाहिए। यह भी कहा गया था कि पोषणीयता तय होने से पहले मुकदमों को आपस में क्लब नहीं किया जा सकता। इस अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने गत 16 अक्टूबर को अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि इस आदेश से उनका सभी मामलों का विरोध करने का अधिकार छिन जाएगा।

### ये था मामला

हिंदू पक्ष ने कहा था, सभी विवादों का एकत्रीकरण कर तत्काल वाद बिंदुओं को तय करके सुनवाई की जाए। मुस्लिम पक्ष ने इसका विरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने सभी मुकदमों की अलग- अलग सुनवाई करने की मांग कोर्ट से की थी।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने 2 लाख का समान किया चोरी



**पटना।** भोजपुर में चोरी की अजीब घटना सामने आई है। यहां चोरों ने चोरी से पहले कमरे में सो रहे परिजनों को बाहर से बंद कर दिया था। जिसके बाद बांस के सहारे छत के रास्ते से घर में घुस गए। वहीं जब सुबह में ग्रामीणों ने देखा कि चोरी करने के बाद चोरों ने बक्सा और ब्रीफकेस से गहना निकालकर उसे पास के बगीचे में फेंककर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से अधिवक्ता की मौत



**लखनऊ।** सुल्तानपुर जिले के कादीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक अधिवक्ता की मौके पर ही हो गई। अधिवक्ता राम नारायण मौर्य पुत्र रामचरन मौर्य पौधनरामपुर थाना अखंडनगर बुधवार को घर से कादीपुर तहसील आते समय कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में चीनी मिल के पास चंदौली गांव के निकट अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### ट्रेनों में नशीली दवा लेकर घुमता था लुटेरा, गिरफ्तार



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में एक लुटेरे को पकड़ा गया है जो ट्रेनों में नशीली दवा लेकर घूमता था। आरोपी की पहचान सुरजीत पोद्दार उर्फ खोखन के रूप में हुई है। दरअसल, यात्रियों को सुरजीत धोखे से नशीली दवाएं खिला देते था। उनके बेहोश हो जाने के बाद वह उनका सामान लेकर गायब हो जाता था। छह सालों से चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था।

## यूपी में सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का गिफ्ट, बोनस देने के फैसले को मंजूरी

# दीपावली पर योगी सरकार ने बोनस देने का किया ऐलान

दिवाली से पहले ही कर्मचारियों को वेतन मिल जाएगा। इससे उनकी दिवाली खुशियों वाली होगी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों की दिवाली रोशन हो गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य कमर्चारियों को दीपावली का गिफ्ट दे दिया है। दीपावली पर योगी सरकार ने बोनस देने का ऐलान किया है।

सीएम योगी की इस घोषणा से राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों को बड़ी खुशी मिली है। इससे पहले सीएम योगी के निर्देश पर राज्य कर्मचारियों को दीपावली से पहले ही अक्टूबर का वेतन जारी करने के आदेश दिए थे। अब सरकार ने कमर्चारियों को बोनस का भी ऐलान कर दिया गया है। इसके बाद अब कर्मचारियों को वेतन और बोनस का इंतजार है। माना जा रहा है कि दिवाली से पहले ही कर्मचारियों को वेतन मिल जाएगा। इससे उनकी दिवाली खुशियों वाली होगी।

*यूपी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा देते हुए बोनस देने के फैसले को मंजूरी दी है। इससे लाखों कर्मचारियों को लाभ होगा।*

### खास बातें

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने बोनस के प्रस्ताव को दे दी है मंजूरी
- सीएमओ की ओर से बोनस प्रस्ताव को लेकर कर दी गई है घोषणा



### इन कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

राज्य कर्मचारियों को हर साल दिवाली के मौके पर बोनस दिया जाता है। पुरानी पेंशन पाने वालों के लिए बोनस का अलग प्रावधान है। वहीं, नई पेंशन पाने वालों के लिए यह व्यवस्था अलग है। नई पेंशन स्कीम वाले कर्मचारियों के अकाउंट में सीधे करीब 7000 रुपए आते हैं। पुरानी पेंशन स्कीम के तहत वाले कर्मचारियों के अकाउंट में 1800 रुपए आते हैं। बोनस का बचा हुआ 5100 रुपए उनके जीपीएफ अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है।

### सीएमओ ने दी जानकारी

सीएम योगी आदित्यनाथ के फैसले की जानकारी सीएम कार्यालय के आधिकारिक एक्स एकाउंट से दी गई है। सीएमओ के एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया है राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023-2024 के लिए बोनस देने का सहर्ष निर्णय लिया है।

### डीए और डीआर के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इस बार दीवाली 31 अक्टूबर को है। इसको देखते हुए योगी सरकार ने दीवाली से पहले वेतन जारी करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, महंगाई भत्ता (डीए) व पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) के लिए कर्मचारियों को इंतजार करना पड़ सकता है। डीए व डीआर में 3 प्रतिशत की वृद्धि तय मानी जा रही है। इसके साथ ही महंगाई भत्ता व पेंशनर्स की महंगाई राहत की दर बढ़कर 53 प्रतिशत हो जाएगी। डीए वृद्धि का लाभ जुलाई-2024 से दिया जाएगा।

### 30 अक्टूबर तक वेतन मिलेगा

राज्य सरकार ने दीपावली से पहले सैलरी देने का आदेश सोमवार की शाम जारी किया था। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से यह आदेश जारी किया गया। सभी कर्मचारियों को 30 अक्टूबर तक वेतन देने की बात कही गई। कर्मचारी अपने परिवार के साथ उल्लासपूर्ण माहौल में पर्व मना सकेंगे।

## घटना का वीडियो वायरल

# सपा नेता की गुंडई, सीओ दफ्तर के सामने पूर्व प्रधान व बेटे को लात-घूंसों से पीटा



अमेठी के सपा जिला सचिव व उसके पिता ने एक पूर्व प्रधान व उसके बेटे की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी।

एजेंसी ⏭ अमेठी

सपा जिला सचिव व उसके पिता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बुधवार की दोपहर अमेठी तहसील में सीओ कार्यालय के पास एक पूर्व प्रधान व उसके बेटे की लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि दबंगों ने लाइसेंसी रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अमेठी कोतवाली इलाके के सूबेदार का पुरवा मजरे गंगौली गांव के पूर्व प्रधान रामजस यादव ने बताया कि बुधवार दोपहर वह अपने बेटे के साथ मुकदमे के सिलसिले में तहसील आये थे। आरोप है कि इसी बीच सपा नेता प्रदीप कुमार व उसके पिता शिव प्रताप यादव अपने कुछ अन्य साथियों के साथ रंजिश में पूर्व प्रधान के बेटे के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। उसके बाद पूर्व प्रधान रामजस की भी जमकर पिटाई कर दी।

दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी

## राम या कृष्ण के नाम से होगी इसकी पहचान

# विधानसभा चुनाव 2024: हिमंत बिस्व सरमा बोले- भाजपा जीती तो नया जिला बनेगा

एजेंसी ⏭ रांची



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतती है, तो हुसैनाबाद उप-मंडल को एक नया जिला बनाया जाएगा और इसका नाम भगवान राम या कृष्ण के नाम पर रखा जाएगा।

सरमा झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी भी हैं। सरमा ने कहा, राज्य से घुसपैठियों को बाहर निकालना पार्टी की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, हुसैनाबाद को निश्चित रूप से नया जिला बनाया जाएगा। इसे भगवान राम या कृष्ण के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हुसैनाबाद को नई सरकार की पहली मंत्रिमंडल की बैठक में अलग जिला घोषित किया जाएगा।

### चुनावी रैली में सरमा ने कमलेश सिंह के लिए मांगे वोट

भाजपा नेता सरमा जापला के कर्पूरी ग्राउंड में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार कमलेश सिंह के लिए वोट मांगे। कमलेश सिंह झारखंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एकमात्र विधायक थे, जो चार अक्टूबर को भाजपा में शामिल हो गए थे।

# डीएवी कॉलेज में आज पड़ेंगे वोट, अध्यक्ष महामंत्री पद पर 8-8 प्रत्याशी मैदान में

99 प्रत्याशी मैदन में 6516 मतदाता करेंगे मतदान

एजेंसी ⏭ लखनऊ

कानपुर में बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए गुरुवार को डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान होगा।

कुल 99 प्रत्याशी मैदान में है और 6516 मतदाता हैं। एल्डर्स कमेटी और पुलिस प्रशासन जहां मतदान की तैयारी में जुटा है। वहीं, मतदान से पूर्व आखिरी दिन सुबह से ही आज प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।



**ये लोग हैं चुनाव मैदान में**

अध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार शुक्ला, इंदीवर बाजपेई, सर्वेश कुशवाहा, संदीप सिंह, रामेंद्र सिंह कटियार, प्राणनाथ मिश्रा, सुरेंद्र कुशवाहा, बृज किशोर शुक्ला मैदान में हैं। वहीं महामंत्री पद पर अमित सिंह, बिनय कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह उर्फ सागर यादव, रामजी दुबे, प्रशांत कुमार बाजपेई, श्रीकांत मिश्रा, हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव व चंद्रशेखर तिवारी भाग्य आजमा रहे हैं।

### मतदान स्थल पर मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे अधिवक्ता

बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी और पुलिस-प्रशासन के बीच मंगलवार को बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि गुरुवार को होने वाले मतदान के लिए पहली बार मतदान स्थल पर असलहे की तरह मोबाइल भी प्रतिबंधित रखा जाएगा। एल्डर्स कमेटी चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि मतदान स्थल डीएवी डिग्री कॉलेज से 500 मीटर की दूरी यानि गोरा कब्रिस्तान तिराहे तक रेड जोन घोषित किया गया है। मतदान स्थल पर मोबाइल जमा कराने के लिए एसो की ओर से काउंटर बनाया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### समस्या के समाधान के...

ने सामूहिक रूप से 'कजान घोषणापत्र' को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के दो महत्वपूर्ण सत्रों 'क्लोज और ओपन प्लेनरी' को संबोधित करते हुए साफ तौर पर यूक्रेन युद्ध को लेकर ब्रिक्स और बाकी दुनिया को भारत का पक्ष बताते हुए कहा कि हम समस्या के समाधान के लिए युद्ध का नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल चुनौतियों से दो-चार हो रही है। तब ब्रिक्स को दुनिया को ये संदेश देना चाहिए कि वो एक बांटने वाला नहीं, मानवता के हित में काम करने वाला समूह है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बताते चलें कि ब्रिक्स सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी 22 से 23 अक्टूबर तक कजान की दो दिवसीय यात्रा पर थे। सम्मेलन की समाप्ति के बाद वह स्वदेश पहुंचे।

**बड़े सुधारों के लिए एकजुटता से उठे आवाजः** उन्होंने कहा कि ब्रिक्स समय के साथ आगे बढ़ रहा है। हमें एकजुटता से वैश्विक संगठनों में सुधार के लिए आवाज उठानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन में समयबद्ध सुधारों के लिए हमें निश्चित रूप से आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान सावधानीपूर्वक ये ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारी छवि वैश्विक संगठनों की जगह लेने की नहीं होनी चाहिए। ग्लोबल साउथ के देशों की इच्छाओं, अपेक्षाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### पांच साल बाद...

सैनिकों की अधिक तादाद के साथ एलएसी पर सैन्य जमावड़े में बढ़ोतरी की थी। वर्तमान में एलएसी पर दोनों ओर करीब 50-50 हजार अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की गई है। भारतीय सेना को एलएसी पर गश्त के लिए इस समझौते से जुड़ी हुई एसओपी और प्रोटोकॉल का इंतजार है।

### शराब पर ...

शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीना जा सकता। पीठ ने कहा कि केंद्र के पास औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन पर विनियामक शक्ति का अभाव है। सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला दिया।

### पीठ ने अपने...

की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची की प्रविष्टि 8, राज्यों को मादक मदिरा के निर्माण, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने का अधिकार देती है। वहीं केंद्र सरकार के अधिकार वाले उद्योगों की सूची संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में दी गई है। समवर्ती सूची के विषयों पर केंद्र और राज्य विधानमंडल, दोनों को कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन केंद्रीय कानून को राज्य के कानून पर प्राथमिकता देने का प्रावधान है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ जजों की पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस उज्जल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल रहे। पीठ में सिर्फ जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई।

### केंद्र ने एक्स और...

अध्यक्षता ज्वॉइंट सेक्रेटरी संकेत एस भोंडवे ने की। मीटिंग में एयर इंडिया और विस्तारा के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और मेटा के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। सरकार ने एक्स को इस मामले के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सरकार का कहना है कि एक्स की कार्रवाई से 'अपराध को बढ़ावा मिलता है। दरअसल, दिल्ली पुलिस को धमकी भरे मेसेज पोस्ट करने वाले एक्स अकाउंट की यूजर आईडी या डोमेन डिटेल्स हासिल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद सरकार ने एक्स की आलोचना की। इस संकट से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार से लगभग 10 सोशल मीडिया हैंडल सस्पेंड या ब्लॉक कर दिए हैं। ये हैंडल ज्यादातर एक्स पर हैं।

### समुद्र में उठ...

अशांत हो गया है। समुद्र में बड़े बड़े ज्वार उठ रहे हैं। केंद्रपड़ा राजगनार सहित पारादीप और चंद्रभागा, पुरी सी-बीच में समुद्र उफान पर हो गया है। 24 अक्टूबर की रात या फिर 25 अक्टूबर सुबह के समय भीतरकनिका-धामरा के बीच लैंडफाल करने की संभावना अधिक है। ओडिशा के अलावा बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में भी चक्रवात दाना का असर दिख सकता है। लोगों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। चक्रवात दाना के खतरनाक रूप को देखते हुए 400 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। ट्रेन के कैंसिल होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। विभिन्न समुद्री तटों पर एहतियात के तौर पर पारादीप से सियाली तक धारा 163 आज शाम से लागू कर दी गई है।

### वायनाड के उपचुनाव...

समस्याओं और मुद्दों से परिचित हैं, जैसे मेडिकल कॉलेज की जरूरत, रात्रि यातायात पर प्रतिबंध का मुद्दा और मानव-पशु संघर्ष। उन्होंने कहा कि वह लोगों से संपर्क कर उनके मुद्दों व समस्याओं के बारे में और जानकारी हासिल करेंगी।

वहीं इस अवसर पर बोलते हुए राहुल गांधी भावुक हो गए और लोगों से कहा कि वायनाड के लोगों ने उनके लिए जो किया है, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना शब्दों और अभिव्यक्ति से परे है। उन्होंने कहा, अगर आप वायनाड के लोगों के साथ मेरे रिश्ते को अच्छी तरह समझते हैं, तो चाहे मैं इसे कितनी भी बार कहने और दोहराने की कोशिश करूं, भावनाओं की सच्ची अभिव्यक्ति शब्दों में नहीं की जा सकती। साथ ही, गांधी ने वायनाड के लोगों को भरोसा दिलाया कि यह देश का एकमात्र संसदीय क्षेत्र होगा, जहां से दो सांसद होंगे, एक आधिकारिक (प्रियंका गांधी) और दूसरा खुद वह अनौपचारिक। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी बहुत बहादुर और साहसी हैं। उन्होंने याद किया कि जब उनके पिता राजीव गांधी की हत्या हुई थी, तब प्रियंका गांधी ने बड़ी हिम्मत के साथ सोनिया गांधी जी को संभाला था।

राहुल गांधी ने लाखों की संख्या में मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी बहन अपने परिवार के लिए कुछ भी त्याग करने को तैयार है और जब मैं ऐसा कहता हूं, तो मेरा मतलब है कि वायनाड हमारा अपना परिवार है। वायनाड के लोगों से अपनी बहन का समर्थन करने की अपील करते हुए उन्होंने प्रियंका द्वारा उनकी कलाई पर बांधी गई राखी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह भाई द्वारा अपनी बहन की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की, मैं आपसे मेरी बहन की मदद और समर्थन करने की अपील करता हूं।

# झोलाछाप ने नर्स का काम करने वाली किशोरी को बेहोश कर किया दुष्कर्म

एजेंसी ⏭ अयोध्या

झोलाछाप ने क्लीनिक में नर्स का काम करने वाली किशोरी को बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद गर्भवती होने पर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। कर्नलगंज थाने की पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर झोलाछाप के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चमनगंज निवासी बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय नातिन बचपन से ही उनके पास रहती है। छह माह पहले वह छोटे मियां का हाता स्थित झोलाछाप वसीम के क्लीनिक पर नर्स का काम करने गई थी। आरोप है कि 20 दिन पहले वसीम ने उनकी नातिन को धोखे से बेहोशी की दवा खिला उसके साथ दुष्कर्म किया।

### ट्रैक्टर से कुचलकर ग्रामीण की हत्या

**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी में बुधवार को ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने रंजिश के चलते ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव पुलिस फोर्स तैनात की गई है। सीओ हाईवे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव निवासी 35 वर्षीय नन्हेलाल गांव के ही होरीलाल की दुकान के सामने खड़ंजे पड़ी बेंच पर बैठे थे। उसी समय गांव निवासी अलुमुद्दीन ट्रैक्टर लेकर आ गया। आरोप है कि उसने नन्हेलाल के टक्कर मार दी।

**वाणिज्यिक न्यायालय, भोपाल**
**जिला न्यायाधीश स्तर**
**प्रकाशन हेतु**
**(आदेश 5 का नियम 20)**

आवेदक

सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड

विरुद्ध

मेसर्स दिल्ली लिकर्स व अन्य — अनावेदकगण

प्रेषिति–

आवेदक सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड, नई दिल्ली ने (1)– ने. दिल्ली लिकर्स, पता–बी 244 ग्राउंड फ्लोर, फेस आई ओखला, इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली (2)–अमित अग्रवाल पिता रमेश चन्द्र अग्रवाल, पता–इन पर्सन एंड एस डायरेक्टर पार्टनर मेम्बर दिल्ली लिकर्स बी 244 ग्राउंड फ्लोर, फेस आई ओखला, इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली (3)–सदानंद दुबे, पिता–राजाराम दुबे, पता–इन पर्सन एंड एस डायरेक्टर पार्टनर मेम्बर दिल्ली लिकर्स बी 244 ग्राउंड फ्लोर, फेस आई ओखला, इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली एवं (4)–संजीव अग्रवाल पिता–भीमराज अग्रवाल, पता–इन पर्सन एंड एस डायरेक्टर पार्टनर मेम्बर दिल्ली लिकर्स बी 244 ग्राउंड फ्लोर, फेस आई ओखला, इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली, के लिए अनावेदकगण के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक सी.ओ.एम.एम.एस.02/2024 संस्थित किया है। अनावेदकगण इस न्यायालय में तारीख 11.11.2024 को दिन में आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। अनावेदक न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सन्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों या न हो, अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज ता. 18.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया।

**विवेक सक्सेना**
न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय,
जिला न्यायाधीश स्तर, भोपाल

## चिंतन

# भारत-चीन नियंत्रण रेखा पर तनाव कम होने की उम्मीद

आजकल दुनिया भर में भारत-चीन के रिश्तों को लेकर चर्चाएं हैं। बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा चीन के साथ सैन्य समाधान पर बयान देने के बाद से ही विश्व बिरादरी में इसे लेकर कई तरह-तरह की चर्चाएं थी। अब ब्रिक्स सम्मेलन में 5 साल बाद भारत-चीन की द्विपक्षीय बातचीत ने इन चर्चाओं को बल दे दिया है। इन चर्चाओं ने जोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से भी पकड़ा। पीएम ने कहा कि हम युद्ध नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं और जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया, उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसी संबोधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में बातचीत शुरू हो गई है। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बाइलेटरल मीटिंग हो रही है। 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने पर सहमति बनी है। असल में रूस समेत दुनिया के अनेक देश चाहते हैं कि भारत और चीन मिलकर चलें। दोनों देशों का ब्रिक्स में बड़ा योगदान है। सम्मेलन में रूस, चीन, ब्राजील, साउथ अफ्रीका समेत 28 देशों के राष्ट्र प्रमुख पहुंचे हैं। इस साल समिट की अध्यक्षता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन कर रहे हैं। वैसे भी यूरोपियन यूनियन को पछाड़कर ब्रिक्स दुनिया का तीसरा सबसे ताकतवर आर्थिक संगठन बन चुका है। ग्लोबल जीडीपी में यूरोपियन यूनियन के देशों की कुल हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है, वहीं ब्रिक्स देशों का हिस्सा 27 फीसदी है। ब्रिक्स का अपना अलग बैंक भी है, जिसे न्यू डेवलपमेंट बैंक के नाम से जाना जाता है। इसका हेडक्वार्टर चीन के शंघाई में है। यह सदस्य देशों को सरकारी या प्राइवेट प्रोजेक्ट्स के लिए लोन उपलब्ध करवाता है। 'राइजिंग इकोनॉमी' के कॉन्सेप्ट पर बने इस ग्रुप में पिछले साल तक 5 देश ब्राजील, रूस, चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। इस साल यूएई, ईरान, इजिप्ट और इथोपिया औपचारिक सदस्य बन जाएंगे। पिछले साल 34 और इस साल 40 देशों ने संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई है। इसी सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया उथल-पुथल भरे बदलाव से गुजर रही है। हमें शांतिपूर्ण ब्रिक्स बनाने की जरूरत है। गाजा और लेबनान में हमें सीजफायर पर जोर देना होगा। हमें आपस में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही ग्लोबल साउथ का देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाना होगा। चीन, ब्रिक्स देशों के साथ ग्रीन इंडस्ट्री, क्लीन एनर्जी और ग्रीन मिनरल के लिए सहयोग बढ़ाना चाहता है। साफ है कि चीन भी भारत से संबंध बेहतर करना चाहता है, लेकिन चीन की विस्तारवादी नीतियां इसके आड़े आ रही हैं। अगर वो दोस्ती का हाथ भी बढ़ाता है तो भारत को हमेशा चौकना रहना होगा। चीन कर्ज देने और गुलाम बनाने की नीति पर चलता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव चीन के बड़े कर्जदार हैं। चीन रूस के साथ इसलिए है कि वह गलत ऐतिहासिक तथ्यों व अपने सैन्य शक्ति के बल पर ताइवान पर कब्जा करना चाहता है। लिथुआनिया में ताइवान का दूतावास खोलने की अनुमति मिलने से चीन परेशान है। विश्व के देशों की मुखरता से भी चीन परेशान है। इसीलिए वो भारत से दोस्ती करने के प्रयासों में लगा है। भारत को भी दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए, लेकिन सतर्क भी रहना होगा क्योंकि हम पहले भी धोखा खा चुके हैं।

# कनाडा की धृष्टता का हो दृढ़ प्रतिकार

दो टूक
विकेश कुमार बडोला

खालिस्तान की मांग करने वाले हरदीप सिंह निज्जर और अन्य की हत्या के लिए भारत पर बिन साक्ष्य के दोषारोपण करने के बाद कनाडाई शासक ट्रुडो इतने अदूरदर्शी, अपरिपक्व और जी-7 समूह के शक्तिशाली देशों के उकसाने से स्वार्थी हो चुके हैं कि खालिस्तानियों की अवैध धारणाओं व गतिविधियों को संरक्षण देकर भारत विरोधी प्रचार-प्रसार में बुरी तरह संलिप्त हैं। जो अमेरिका अपने स्वार्थ के लिए भारत की प्रशंसा और समर्थन में विरोधी देशों का विरोध भी झेल लेता है, वह भारत एवं भारतीय महाद्वीप में अपने अनुचित कल्पनागत हितों में बाधक समुचित व सार्वभौमिक कल्याण के लिए भारतीय नीतियों का अप्रत्यक्ष प्रतिकार करने में कनाडा को माध्यम बना रहा है।

कनाडा अस्थिर है। इस देश का शासन हानिकारक अस्थिरताओं से घिर गया है। प्रमुख शासक जस्टिन ट्रूडो का अविवेकपूर्ण आचरण भारत के लिए असहनीय बन चुका है। जस्टिन इतने वर्षों की राजनीतिक गतिविधियों के बाद भी मूर्खतापूर्ण वक्तव्य दे रहे हैं और अनुचित निर्णय ले रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भी कनाडा शासन के अशिष्ट आचरण पर वक्तव्य देना पड़ा है कि वह अवैध युक्तियों द्वारा भारतीय सेना की जानकारी एकत्र करते हैं। जयशंकर के अनुसार, कनाडा अपने राजदूतों के माध्यम से भारतीय सेना व पुलिस के संबंध में सूचनायें एवं जानकारियां एकत्र करता है, किंतु कनाडा स्थित भारतीय राजदूत भारत के हित एवं सुरक्षा हेतु बाधक समस्याओं के उपाय ढूंढने का प्रयास करते हैं तो कनाडा को समस्या होने लगती है। खालिस्तान की मांग करने वाले हरदीप सिंह निज्जर और अन्य की हत्या के लिए कनाडा स्थित भारतीय राजदूतों पर बिन साक्ष्य के दोषारोपण करने के बाद कनाडाई शासक ट्रुडो भारतीयों की दृष्टि में गिर चुके हैं।

वे इतने अदूरदर्शी, अपरिपक्व और जी-7 समूह के शक्तिशाली देशों के उकसाने से भारत के विरोध में इतने स्वार्थी हो चुके हैं कि खालिस्तानियों की अवैध धारणाओं व गतिविधियों को संरक्षण देकर भारत विरोधी प्रचार-प्रसार में बुरी तरह संलिप्त हैं। जो अमेरिका अपने स्वार्थ के लिए भारत की प्रशंसा और समर्थन में विरोधी देशों का विरोध भी झेल लेता है, वह भारत एवं भारतीय महाद्वीप में अपने अनुचित कल्पनागत हितों में बाधक समुचित व सार्वभौमिक कल्याण के लिए भारतीय नीतियों का अप्रत्यक्ष प्रतिकार करने में कनाडा को माध्यम बना रहा है। यह बात संभवतः कनाडा के प्रधान मंत्री को ज्ञात नहीं है अथवा वे कनाडा में संभावित चुनाव में अपनी राजनीतिक स्थिति को राष्ट्रहितैषी दिखाने के प्रयास में अमेरिकी षड्यंत्र को अपने लिए अस्त्र मानकर उसका भारत के विरुद्ध व्यापक रूप में उपयोग कर रहे हैं। एक स्थिति यह है भारत के विरोध को प्रतिदिन व्यापक करते हुए तीव्र करते जाने की।

खालिस्तानियों का संरक्षण करके भारत के विरोध में अनेक निर्णय लेने का जस्टिन का उद्देश्य आगामी कनाडाई चुनाव में केवल खालिस्तान समर्थक अप्रवासियों का वोट बैंक साधना ही नहीं है, अपितु कनाडा में अवैध धन-संसाधनों के प्रसारण और माफियागत कार्यों को खालिस्तानी आतंकवादियों के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करना भी है। अनेक अन्य स्थितियां भी हैं, जिनमें कनाडा व जस्टिन ट्रुडो को शक्तिशाली राष्ट्रों के पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनाकर भारत के विरुद्ध नचवाया जा रहा है। उपरोक्त सभी परिस्थितियों में भारत और कनाडा के संबंध सबसे निम्न स्तर पर पहुंच चुके हैं। दोनों राष्ट्रों के संबंध हानिकारक सीमा तक विद्रूप व विकृत हो चुके हैं। कनाडा के ऐसे दुराचरण पर भारत ने कनाडा के राजदूतों को तुरंत अपना सामान बांधकर भारत छोड़ने और कनाडा स्थित अपने दूतों को वापस बुलाने का आधिकारिक आदेश क्या जारी किया कि कनाडा को लगा कि कहीं उसकी स्थिति इस प्रकरण में अपमान्य न हो जाए, तो उसने भी



भारत की दोतरफा कार्रवाई के बाद भारतीय राजदूतों को कनाडा से निष्कारित करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कनाडा, भारत को नीचा दिखाने के हर संभव प्रयास कर रहा है। आये दिन वह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और मंचों के सहयोग से भारत विरोधी षड्यंत्र कर रहा है। अमेरिका में डेमोक्रेटिक शासन दुनिया के मानचित्र पर हमेशा से ही कष्टकंटक बोने के लिए कुख्यात रहा है। अमेरिका के डेमोक्रेटिक सांसदों और उनके संबंधियों के अस्त्र-शस्त्र के अनेक कल-कारखाने हैं। ये कारखाने केवल अमेरिका में ही नहीं हैं। जी-7 समूह के सभी देशों में ये कारखाने किसी न किसी ऐसे स्वामित्वधारक और प्रवर्तक के हैं, जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों के संबंधी हैं। हालांकि अस्त्र-शस्त्रों के कारखाने तो रिपब्लिकन सांसदों के भी हैं, किंतु उनकी अस्त्र-शस्त्र विक्रय नीतियों में अवैध गतिविधियों के लिए अवैध माध्यम से अस्त्रों-शस्त्रों के विक्रय का कार्यव्यवहार या तो शून्य है अथवा अत्यंत सीमित है।

अवैध अस्त्र-शस्त्र ही नहीं, ऐसे कारोबारी तो प्रकृति को नष्ट करने वाली अनेक ऐसी वस्तुओं, उत्पादों व सेवाओं का कारोबार भी करते रहे हैं, जिन्हें कई देशों के विरोध के बाद भी वहां खपाने व बेचने के खटकर्म किए जाते रहे हैं। चूंकि भारत में गत बारह-चौदह वर्षों से ऐसी वस्तुओं, उत्पादों व सेवाओं के आयात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध है और अस्त्र-शस्त्रों के विनिर्माण में भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है, तो अमेरिका सहित जी-7 राष्ट्रों के स्थापित कारोबारियों के लिए यह स्थिति हानिकारक है। हंगरी-अमेरिकी मुद्रा सटोरिया जॉर्ज सोरोस भी भारत में मुद्रा सट्टा के अपने हित नहीं साध पा रहा है। सोरोस के समान ही अन्य व्यवसायी हैं, जो भारत के स्थिर व प्रगतिशील शासन को अस्थिर करके यहां अपने अनुचित व्यावसायिक हित साधना चाहते हैं। गत दो दशकों से वे खुलकर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं और कर भी रहे हैं, तो हानिग्रस्त होते रहे हैं। इसीलिए भारत में राज्यों के विधानसभा चुनावों या लोकसभा चुनाव से पहले आंदोलन के रूप में षड्यंत्र किया जाता है। ऐसे व्यवसायी भारत के भ्रष्ट, चरित्रहीन, देशविरोधी, लालची और स्वार्थी विपक्षी नेताओं, बुद्धिजीवियों, मीडियाकर्मियों तथा संस्थागत पदों पर आरूढ़ पदाधिकारियों के साथ मिलकर स्थिर केंद्रीय शासन को डिगाने-डगमगाने के कुत्सित प्रयास करते रहे हैं। दिल्ली में विगत दिनों, माहों एवं वर्षों में केंद्रीय शासन व शासनजन्य नीतियों के विरोध में जितने व जो भी आंदोलन हुए हैं, अधिक या सभी षड्यंत्र की उपज ही थे। पंजाब व दिल्ली में हुए ऐसे आंदोलनों में कनाडा के माध्यम से जॉर्ज सोरोस जैसे कारोबारियों के हथियार बने थे खालिस्तानी आतंकी। भेष इन्होंने किसानों का बनाया था, किंतु थे ये खालिस्तानी। इन्होंने लाल किले में उपद्रव किया। दिल्ली स्थित विभिन्न राजमार्गों, एक्सप्रेस हाईवे में जाम किया। सिंधु बार्डर पर कई दिनों तक धरना दिया। खालिस्तानियों के माध्यम से भारतीय शासन को अस्थिर करने में असफल रहने वाले सोरोस जैसे व्यक्तियों ने अंततः अमेरिकी नीतियों व संसाधनों की मदद से बांग्लादेश में उथल-पुथल करके भारत को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, किंतु यह उपाय भी विफल ही सिद्ध हुआ। अभी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय पूंजीपतियों, देशों व अन्य माफियाओं के उकसावे में भारत के विरुद्ध विषवमन करने में व्यस्त है। ऐसे में भारत को चाहिए कि वह कनाडा के माध्यम से अपने विरुद्ध होने वाले प्रत्येक षड्यंत्र की तह तक पहुंचे और भारतीय गौरव, संप्रभुता, अखंडता एवं सम्मान के रक्षार्थ कनाडा पर हरसंभव बंध-प्रतिबंध लगाना जारी रखे और साथ ही गुप्त षड्यंत्रकारियों को भी परास्त करने के अभियान संचालित करे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## साइबर अपराध
सतीश सिंह

# 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' से दहशत में आमजन

डिजिटल हाउस अरेस्ट साइबर अपराध का नया स्वरूप है, जिससे आमजन दहशतजदा हैं, क्योंकि आये दिन कोई न कोई साइबर ठगों का शिकार बन रहा है और 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' की खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं। ऐसी ठगी में पढ़े-लिखे लोग ज्यादा शिकार बन रहे हैं और इनमें बुजुर्गों की संख्या अधिक है। विगत वर्षों में साइबर अपराधों में काफी विविधता आई है। 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस क्रम में नई मोडस ऑपरेंडी है 'डिजिटल हाउस अरेस्ट'। इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर, अक्टूबर 2024 के पहले सप्ताह में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में एक 65 साल की बुजुर्ग महिला को 5 दिनों तक डिजिटली घर में कैद करके फर्जी पूछताछ की गई और 46 लाख रुपये ठगे गए। इसी तर्ज पर अगस्त महीने में लखनऊ की एक महिला न्यूरो डॉक्टर को 6 दिनों तक डिजिटली गिरफ्तार करके ठगों ने 2.8 करोड़ रुपये ठग लिए। दोनों मामले में ठग खुद को सीबीआई अधिकारी बता रहे थे और बुजुर्ग महिला एवं महिला डॉक्टर को हवाला कारोबार में उनकी संलिप्तता बताकर इन दोनों ठगी को अंजाम दिया। इस तरह की ठगी में ठग पुलिस, सीबीआई, ईडी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, रॉ,नॉरकोटिक्स आदि का अधिकारी बनकर ऑडियो या वीडियो कॉल करके टार्गेट को इतना डराते हैं कि वह अपनी जिंदगी भर की जमापूंजी ठग के खाते में ट्रांसफर कर देता है। 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' को मूर्त रूप देने के लिए ठग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई के जरिये वे टार्गेट के सगे-संबंधियों की आवाज की नकल करके या फिर उसकी हूबहू वीडियो बनाकर टार्गेट को यह विश्वास दिलाने में कामयाब हो जाते हैं कि वे गंभीर संकट में हैं। चूंकि साइबर अपराधों को रोकने के लिए अभी भी पुख्ता कानून और प्रशिक्षित मानव संसाधन का अभाव है, इसलिए ऐसी ठगी को रोकना भारत में हाल-फिलहाल में असंभव लग रहा है। देश में प्रशिक्षित साइबर पुलिस की भारी कमी है, जिसका फ़ायदा साइबर ठगों को मिल रहा है। विश्व साइबर अपराध सूचकांक में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। आजकल किशोर बच्चियों को ऑनलाइन चैटिंग एप के जरिये ब्रेनवॉश करके या उनकी अश्लील तस्वीरों को पॉर्न मार्केट में बेचकर और उनके पैरेंट्स को ब्लैकमेल करके ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग,कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि नए-नए तरीकों की मदद से ठगी करने के वारदातों में तेजी आई है। स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गए हैं। मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफ़ाइल बनाकर ऐसी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ब्राउजर एक्सटेंशन के डाउनलोडिंग के जरिये भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिये किया जाता है। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेनदेन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते हैं, जिसका फायदा साइबर ठग उठाते हैं। हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिसमें मैलवेयर युक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है। मोबाइल एप से लोन लेना सूदखोर या महाजन या साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि ऐसे ठगों की व्यापकता देश-काल से परे है, क्योंकि अधिकांश मोबाइल चाइना मेड हैं और उनका सर्वर भारत से बाहर होता है। ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप से सतर्क रहें। वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें। अंजान नंबर या ईमेल आईडी से आये अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये फॉरवर्ड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है।कभी मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आयें। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से नहीं हिचकें। हमेशा जागरूक रहें। फोन, कंप्यूटर, टैबलेट के सॉफ्टवेयर को समयानुसार अपडेट करें,मजबूत पासवर्ड, अंजान लिंक को ओपेन करने से बचें, निजी जानकारी को सुरक्षित रखें, सार्वजनिक वाई-फ़ाई के इस्तेमाल में सावधानी बरतें, एंटीवायरस का इस्तेमाल करें और नियमित रूप से उसे अपडेट करें आदि। सबसे महत्वपूर्ण है लालच से परहेज करें। मामले में सावधानी ही बचाव है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।


## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाए है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीजे़ देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### विश्वास के लायक नहीं है चीन

खबरों के मुताबिक भारत और चीन के बीच हाल ही में एक समझौता हुआ है कि दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने-अपने सैनिकों को पीछे करेंगे और यहां पेट्रोलिंग करेंगे। चीन इस पर कितना कायम रहेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन चीन हर समझौते, जो इससे पहले हुए हैं, उन पर अमल करता तो वो रह रहकर नियंत्रण रेखा पर अपने नापाक इरादों को अंजाम नहीं देता। दूसरी चीज भारत को चीन के इस समझौते पर चीन के प्रति इतना नरम भी नहीं हो जाना चाहिए कि उसके लिए देश में व्यापार को और सुलभ बना दिया जाए। चीन का वो हाल है कि गंगा गए तो गंगाराम यमुना गए तो यमुना दास। यह मेरे मुंह पर मेरा और तेरे मुंह पर तेरा है। वह अकसर अपने वादों से मुकरता रहा है। उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए सचेत रहने की जरूरत है। – *शैलेश सिंह ठाकुर, रायगढ़*

## करंट अफेयर


# रियाद का 'बुलेवार्ड वर्ल्ड' बना विश्व का प्रमुख मनोरंजन क्षेत्र



सऊदी अरब की राजधानी रियाद के बीचों बीच स्थित प्रमुख मनोरंजन क्षेत्र 'बुलेवार्ड वर्ल्ड' विभिन्न सभ्यताओं से रूबरू कराता है, जहां आगंतुक इन स्मारकों की प्रतिकृतियों को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। इसमें भारत समेत दुनिया भर के 20 से अधिक विभिन्न स्थल, लगभग 300 रेस्तरां और कैफे तथा लगभग 900 दुकानें हैं। इस साल 72 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में 'रियाद सीजन' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चौदह मनोरंजन स्थल बनाए गए हैं। इन क्षेत्रों में एक पारंपरिक बाजार है जिसमें स्थानीय संस्कृति से लेकर शिल्प तक का प्रदर्शन किया जाता है और यहां प्रत्येक देश की झलक मिलती है। गोंडोला सवारी के अलावा, आप वाटर टैक्सी, एम्फीकार और फ्लोटिंग डोनट्स, केबल कार या फिर पैदल चलकर भी इस स्थल का भ्रमण कर सकते हैं। यहां हर दिन विभिन्न देशों के नाट्य प्रस्तुतियां भी होती हैं। ये गतिविधियां सऊदी अरब के लोकप्रिय शीतकालीन महोत्सव 'रियाद सीजन' का हिस्सा हैं, जो 12 अक्टूबर से शुरू हुआ है और मार्च तक जारी रहने की उम्मीद है। इस महोत्सव की शुरुआत जनरल एंटरटेनमेंट अथॉरिटी (जीईए) के निदेशक मंडल के अध्यक्ष तुर्की बिन अब्दुलमोहसेन अल-शेख ने की।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी की कक्षा में 4300 टन अंतरिक्ष कचरा



एक बड़ा संचार उपग्रह अपनी कक्षा में टूट गया है, जिससे यूरोप, मध्य अफ्रीका, मध्य पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के उपयोगकर्ता प्रभावित हुए हैं, वहीं हमारे ग्रह के पड़ोस में अंतरिक्ष कचरे के खतरे में भी इजाफा हुआ है। इंटेलसैट 33ई उपग्रह भूमध्य रेखा के चारों ओर भूस्थिर कक्षा में हिंद महासागर से लगभग 35,000 किलामीटर ऊपर एक बिंदु से ब्रॉडबैंड संचार प्रदान करता था। बीस अक्टूबर को प्रारंभिक खबरों में कहा गया था कि इंटेलसैट 33ई की अचानक बिजली गुल हो गई है। कुछ घंटे बाद, यूएस स्पेस फोर्सेस-स्पेस ने पुष्टि की कि उपग्रह कम से कम 20 टुकड़ों में टूट गया है। तो क्या हुआ? और क्या यह आने वाली घटनाओं का संकेत है क्योंकि अधिक से अधिक उपग्रह कक्षा में प्रवेश कर रहे हैं? एक अंतरिक्ष रहस्य इंटेलसैट 33ई के टूटने के कारणों के बारे में कोई पुष्ट खबर नहीं है। हालांकि, यह अपनी तरह की पहली घटना नहीं है। अतीत में हमने उपग्रहों को नष्ट होते, आकस्मिक टकराव और बढ़ी हुई सौर गतिविधि के कारण उपग्रहों को नष्ट होते देखा है। हम यह जानते हैं कि इंटेलसैट 33ई में दिक्कतें उत्पन्न होने का इतिहास रहा है। बोइंग द्वारा डिजाइन और निर्मित, उपग्रह को अगस्त 2016 में प्रक्षेपित किया गया था।

## ट्रेंड

### पुतिन के साथ अच्छी मुलाकात



रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं। हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूती कैसे दी जाए।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरदार पटेल की भूमिका अमिट



कश्मीर से लक्षद्वीप तक भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल जी की महत्वपूर्ण भूमिका अमिट है। उनके स्मारकीय योगदान का सम्मान करने के लिए उनकी 150वीं जयंती 2024 से 2026 तक दो साल के राष्ट्रव्यापी उत्सव के साथ मनाएंगे।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### नीति निर्माण में स्थिरता



स्थिरता नीति निर्माण का एक अभिन्न अंग बन गई है। हरित तकनीक, निरंतर विनिर्माण, अपशिष्ट और ऊर्जा में कटौती टिकाऊ बायोमैन्युफैक्चरिंग को चलाने की कुंजी है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### 'हमारे राम' का संगीत रिलीज



टी सीरीज़ का रंगमंच से जुड़ना रंगकर्मियों के आनंद और उत्साह में वृद्धि का कारक है। टी सीरीज़ जैसे सक्षम, लोकप्रिय संस्थान द्वारा रंगमंच पर प्रस्तुत किए जाने वाले महानाट्य 'हमारे राम' का संगीत रिलीज़ करने पर हार्दिक धन्यवाद।
-आशुतोष राणा, अभिनेता

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




पंजाब-हरियाणा को लगी 'सुप्रीम' फटकार

# पराली जलाने वालों के आंकड़े झूठे, क्या कोई दंडात्मक कार्रवाई की?

## ये सरकारें कानून को लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक अभियोजन जरूर होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि दोनों राज्यों ने पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की। अदालत ने कहा कि अगर ये सरकारें सच में कानून को लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक अभियोजन जरूर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुर्माना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को बख्श रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकर्ताओं को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

**1080** उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**473** लोगों से मामूली जुर्माना वसूला 600 को बख्श दिया

**03** सालों से केवल यही किया जा रहा और कुछ नहीं



### हरियाणा से सवाल- हर मिनट बदल रहे आंकड़े

हरियाणा के मुख्य सचिव ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 400 फसल जलाने की घटनाएं हुईं। राज्य में 32 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पराली जलाने वालों के आंकड़ों के बारे में झूठ बोला जा रहा है। आंकड़े हर मिनट बदल रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हरियाणा लोगों का चयन कर रहा है। उसके अनुसार कुछ लोगों से मुआवजा लिया जा रहा और कुछ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। पीठ ने कहा कि हम कुछ पर एफआईआर दर्ज करने और कुछ पर मामूली जुर्माना लगाने को लेकर चिंतित हैं।'



### दंड की धारा को प्रभावी रूप से लागू करेंगे: केंद्र की ओर से बोलीं भाटी

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि प्रावधान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 दिनों के भीतर आवश्यक नियम जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने पराली जलाने के लिए लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकारों की भी कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वास्तव में कानून को लागू करने में रुचि रखतीं तो कम-से-कम एक मुकदमा तो होता।

### दिवाली के बाद होगी अब अगली सुनवाई

वायु प्रदूषण के मामले को दिवाली के बाद स्थगित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह दिल्ली में परिवहन से उत्पन्न प्रदूषण, शहर में भारी ट्रकों के प्रवेश और खुले में कूड़ा जलाने के मुद्दों पर विचार करेगा।

### पराली के बारे में क्या कार्रवाई कर रहे?

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव से पूछा कि पराली के बारे में क्या किया जा रहा है और क्या किसानों को कुछ प्रदान किया गया है? इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि पराली के निस्तारण के लिए करीब एक लाख मशीनें दी गई हैं, जिससे पराली जलाने में कमी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और पंजाब तथा हरियाणा राज्यों को यह याद दिलाने का समय आ गया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा सांसद महुआ लड़ेंगी विधानसभा चुनाव

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रांची विधानसभा सीट पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी को उतार कर सभी को हैरान कर दिया है।



जेएमएम ने 35 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। बुधवार को पार्टी ने दूसरी सूची जारी की, जिसमें एकमात्र नाम महुआ माजी का था। माजी पिछली बार रांची से जेएमएम के टिकट पर चुनाव लड़ी थी, पर भाजपा से चुनाव हार गई थीं।

### नेता के कैसीनो पर छापा, लाइसेंस परखेंगे

**मेरठ।** यहां के होटल हारमनी इन के कैसीनो में शहर और बाहर के हाईप्रोफाइल लोग दांव लगाने आते थे।



रोजाना करोड़ों का जुआ खेला जाता था। कैसीनो में प्रवेश शुल्क एक लाख रुपये रखा गया था। बुकिंग सिर्फ ऑनलाइन होती थी। सोमवार को 60 लोगों ने प्रवेश लिया था। दिल्ली-मुंबई से मॉडल बुलाई जाती थीं। कैसीनो की आड़ में करोड़ों का जुआ होने की खबर है।

### बेकाबू स्कूल बस नदी में पलटी, 15 बच्चे घायल

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में बच्चों से भरी स्कूल बस सोन नदी में पलट गई। स्कूल बस में



करीब 15 बच्चे सवार थे। ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद गांव की है। रोज की तरह एक स्कूल बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस दौरान सोन नदी में पलट गई।

### अफसरों का नाम लिखें हिसाब-किताब करेंगे

**गोपालपुर।** यूपी उपचुनाव की घोषणा के बाद सपा एक्टिव हो गई है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव



शिवपाल सिंह यादव अंबेडकरनगर के गोपालपुर पहुंचे। उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोला। भाजपा से बेईमान कोई सरकार हो ही नहीं सकती। अफसरों का नाम लाल स्याही से लिख लें, सरकार आने पर हिसाब किताब होगा।

### 50 पैसे न लौटाना पड़ा महंगा, 15000 रुपए दें

**कांचीपुरम।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने 'इंडिया पोस्ट' को आदेश दिया कि वह एक



उपभोक्ता को 50 पैसे वापस करे और उसे मानसिक पीड़ा देने, अनुचित व्यापार व्यवहार और सेवा में कमी के लिए 10 हजार मुआवजा दे। 5,000 का अतिरिक्त भुगतान करे। पोझिचलूर पोस्ट ऑफिस में 30 रुपए नकद दिए पर रसीद में 29.50 रुपए ही दिखाए गए।

## महायुति में शामिल दलों ने 83 उम्मीदवारों की सूची जारी की

कई मंत्री फिर आजमाएंगे किस्मत

# शिंदे ने 6 मंत्रियों को बनाया उम्मीदवार पहली सूची में 45 लोगों को मैदान में उतारा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभ चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में शामिल सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मंगलवार को देर रात अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

इस सूची में कुल 45 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने उन सभी विधायकों के नाम इस सूची में शामिल किए हैं जिन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह में एकनाथ शिंदे का साथ दिया था और जिनकी बदौलत शिंदे भाजपा के साथ मिलकर महायुति सरकार बनाने में कामयाब हुए थे। पहली लिस्ट में एकनाथ शिंदे का नाम भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ठाणे शहर से सटे कोपरी-पंचपखाड़ी से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने पैठण से विलास संदिपान भूमरे को चुनावी मैदान में उतारा है।

### सीएम शिंदे ठाणे से सटे कोपरी-पंचपखाड़ी से फिर से लड़ेंगे



### मंत्रियों को उनकी मौजूदा सीट से बनाया उम्मीदवार

शिवसेना ने अपनी लिस्ट में वर्तमान सरकार के मंत्री गुलाबराव पाटिल, दीपक केसरकर, अब्दुल सत्तार और शंभूराज देसाई को क्रमशः जलगांव ग्रामीण, सावंतवाड़ी, सिल्लोड और पाटन से मैदान में उतारा है।इनके अलावा शिंदे कैबिनेट के मंत्री दादा भुसे को नासिक जिले के मालेगांव बाहरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है। शिंदे सरकार के मंत्री उदय सामंत को रत्नागिरी और तानाजी सावंत को परंदा से मैदान में उतारा गया है। वहीं शिवसेना के दिग्गजन नेता और वर्तमान विधायक सदा सरवनकर मुंबई के माहिम को उम्मीदवार बनाया है।

## उद्धव ने किया 65 उम्मीदवारों का ऐलान

### वर्ली से आदित्य ठाकरे, शिंदे के खिलाफ लड़ेंगे दीघे

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर शिवसेना उद्धव गुट की तरफ से भी 65 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई थी। शिवसेना उद्धव गुट की सूची के अनुसार उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री



आदित्य ठाकरे वर्ली विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं माहिम से महेश सावंत और ठाणे विधानसभा सीट से राजन विचारे को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि रत्नागिरि विधानसभा सीट से सुरेश नाथ माने को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना उद्धव बालासाहब ठाकरे ने अपनी पहली सूची में महाराष्ट्र के मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ कोपरी - पाचपाखाडी विधानसभा सीट से केदार दीघे से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं पार्टी ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे के खिलाफ महेश सावंत को उम्मीदवार बनाया है। संजय राउत के भाई और विक्रोली से मौजूदा पार्टी के विधायक सुनील राउत को फिर से विक्रोली से ही प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं पार्टी ने उस्मानाबाद से पार्टी के विधायक कैलास पाटिल को इस बार धाराशिव विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।

### बंटवारे पर 99 फीसदी काम पूरा

शिवसेना-यूबीटी राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि एमवीए के बीच सीटों के बंटवारे पर 99 फीसदी काम



पूरा हो गया है। राउत ने यह भी संकेत दिया कि उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। एमवीए के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार देर रात मुंबई में संकेत दिया कि सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच बातचीत में बाधा आने के बाद राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने मंगलवार को पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार और फिर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

### एनसीपी ने जारी की 38 प्रत्याशियों की पहली सूची

### बारामती से खुद लड़ेंगे उप मुख्यमंत्री अजित

अजित पवार वाली एनसीपी ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 38 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची



जारी कर दी। इसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार बारामती से, छगन भुजबल येवला से तथा दिलीप वाल्से पाटिल अंबेगांव से चुनाव लड़ेंगे। संयुक्त एनसीपी में जितेंद्र आह्वाड कलवा मुंब्रा से लड़ते रहे हैं, लेकिन उनके सामने अब एनसीपी ने नजीब मुल्ला को टिकट दिया है। इससे मुस्लिम वोट बंटने की संभावना बढ़ गई है.।दरअसलस, इस सीट पर मुस्लिम वोटर बहुतायत में हैं। ऐसे में जितेंद्र आह्वाड के लिए मुश्किल होनी तय है. जितेंद्र शरद पवार गुट के नेता हैं।

### सूची में नवाब का नाम नहीं

एनसीपी की इस लिस्ट में सिटिंग विधायक नवाब मलिक का नाम नहीं है। उनकी बेटी को उनकी जगह चुनाव लड़ाने की तैयारी थी। उनका नॉमिनेशन को लेकर एनसीपी ने तारीख भी तय कर दी थी, लेकिन बाद में वापस ले ली गई और अब लिस्ट में ही उनका नाम नहीं है, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी मलिक परिवार को किनारे कर सकती है। इन पर भाजपा ने दवाब बनाया था।

## सैनी ने की गडकरी के साथ बैठक

# दिल्ली-अमृतसर-कटरा 'वे' का हरियाणा खंड जल्द होगा शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को प्रदेश की परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि राज्य से निकलने वाले विभिन्न राजमार्गों पर कार्य शुरू करने की अपनी मंजूरी प्रदान की है, साथ ही लगभग दर्जनभर राजमार्गों के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री हरियाणा से संबंधित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं हैं जहां पर से 4 मार्गीय एक्सप्रेस-वे या ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गुजरता न हो। यहां बेहतरीन अवसंरचना विकसित करने के उदेश्य से सड़कों का जाल लगातार बिछाया जा रहा है ताकि लोगों के जीवन को सुगम व सरल बनाया जा सके। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गडकरी ने विभिन्न राजमार्गों की मंजूरी व डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इन सड़क परियोजनाओं से लोगों को लाभ मिलेगा। कुरुक्षेत्र बाइपास सहित पेहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा बाइपास का विकास करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश हरियाणा की सड़क परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र बाइपास सहित पेहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा



बाइपास का विकास करने के लिए गडकरी ने अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के आदेश दिए हैं। फरीदाबाद- जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर शहरी क्षेत्र में 12 किमी तक एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण के लिए आधुनिक डिजाइन तैयार किया जाएगा ताकि आने वाले 25 से 50 सालों तक इस सड़क का उपयोग किया जा सके और जाम न लगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद-जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव में प्रवेश-निकास रैंप का निर्माण किया जाएगा और और मोहना गांव के पास बैठे ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया है ताकि इस सड़क मार्ग पर मोहना के लोगों को कनेक्टिविटी मिल सके।

दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग से एमजी रोड और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद रोड तक कनेक्टिविटी प्रदान करने डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं। सैनी ने बताया कि गुरुग्राम व दिल्ली के यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग से एमजी रोड और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद रोड तक कनेक्टिविटी प्रदान करने डीपीआरके निर्देश गडकरी ने दिए हैं ताकि दिल्ली एयरपोर्ट तथा गुरूग्राम के आरंभ में भीड़ को कम किया जा सकें। गुरुग्राम-फर्रुखनगर-झज्जर सड़क का चौड़ीकरण व उन्नयन करने पर चर्चा की है।

## मंत्रालयों के सहयोग से आज से शुरू होगी नई पहल

# जलवायु अनुकूल बनेंगे गांव, ग्राम पंचायतों को रोजाना मिलेगा मौसम का पूर्वानुमान

## पंचायती राज,आईएमडी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंचायती राज मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से गुरुवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ग्राम पंचायतों को 5 दिन का दैनिक मौसम पूर्वानुमान और हर घंटे मौसम पूर्वानुमान की सुविधा प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान की एक ऐतिहासिक पहल शुरू करेगा। ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर आपदा से निपटने की पूर्व तैयारी के उद्देश्य से की गई इस पहल से देश भर के किसानों और ग्रामीणों को लाभ होगा।

### ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से प्रसारण होगा



**जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत बनाएंगे**

सरकार के 100 दिन के एजेंडे के रूप में जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत बनाने, दीर्घकालिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की पहल की है।

मौसम विभाग द्वारा विस्तारित सेंसर कवरेज के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पहली बार उपलब्ध होंगे। मौसम संबंधी पूर्वानुमानों को मंत्रालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा।

### दीपावली-छठ के लिए चलेंगी 3 हजार ट्रेनें

**नई दिल्ली।** दीपावली और छठ पूजा में घर जाने वालों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने के साथ ही नियमित



ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। उत्तर रेलवे ने अब तक 3050 स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ट्रेनों में 59 अतिरिक्त कोच लगाकर 2.25 लाख से अधिक सीट की व्यवस्था की गई है। इनमें से लगभग 83 प्रतिशत स्पेशल ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, असम के लिए हैं। भीड़ बढ़ने पर अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

# हरियाणा में हार से विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की 'केमेस्ट्री' गड़बड़ाई, दबाव में छिनती जा रहीं सीटें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की पराजय का असर इंडिया गठबंधन और चुनावी सियासत में जबरदस्त रूप से पड़ता दिख रहा है, जाहिर तौर पर घाटे में कांग्रेस दिख रही है। साथी दलों ने महाराष्ट्र, झारखंड और उप्र में कांग्रेस के 'पंजे' से ही कांग्रेस पर शिकंजा कस दिया है।

उप्र के 9 सीटों पर हो रहे उपचुनावों में सपा कांग्रेस के फैसले की प्रतीक्षा भी नहीं कर रही। जिस फूलपुर सीट को कांग्रेस को देने की बात अखिलेश यादव खुद कह रहे थे उसी फूलपुर से सपा प्रत्याशी ने पर्चा भर दिया। सपा से चुनावी पर्चा तभी भरा होगा जब दल ने उन्हें आधिकारिक रूप से पार्टी का सिंबल चुनाव के लिए दिया होगा। उप्र में उपचुनावों में कांग्रेस 5 सीटों पर लडना चाहती है, लेकिन बदली परिस्थिति में चाहने से कुछ नहीं हो रहा। महाराष्ट्र की 288 सीटों में से कांग्रेस लोकसभा में जीत के आधार पर 115-120 सीटों पर उतरने को बाहें चढ़ाएथी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राकांपा, कांग्रेस के साथ पहले खेप की सीटों की घोषणा में समान रूप से खड़े हो गए। तीनों ही दल 85-85 सीटों पर राजी हो गए। यानी 255 सीटों की घोषणा तीनों दलों की रजामंदी से हुई जिसमें कांग्रेस को साथी दलों ने अच्छे से दबाने में सफलता पाई। बची 33 सीटों में किसके हिस्से क्या आता है, ये देखने वाली बात होगी। इसकी भी घोषणा आज कल में कर दी जाएगी।

झारखंड की 81 सीटों में से कांग्रेस के हिस्से 30 सीटें आई हैं। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने औपचारिक ऐलान से पहले ही 'हरिभूमि' से कहा कि कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर लड़ेगी। मतलब साफ है कि सूबाई सियासत में बड़े भाई की भूमिका में झामुमो अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहने वाले हैं। झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामदल मिलकर झारखंड चुनाव लड़ रहे हैं। नवंबर में अलग अलग चरणों में संपन्न होने वाले सभी चुनावों का परिणाम 23 नवंबर को आना है।

## बंगाल की खाड़ी से उठे 'चक्रवात' ने गंभीर रूप धारण किया

# खतरनाक हुआ 'दाना', मछुआरों को समुद्र में जाने की मनाही

## हवा की गति 120 किमी से ऊपर होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बंगाल की खाड़ी से उठा 'दाना चक्रवात' ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में 'दाना' के लिए अलर्ट जारी किया गया है। दाना 25 अक्टूबर की सुबह 100-110 किमी प्रति घंटे की हवा की गति के साथ तटों को पार करने वाला है, जो 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकता है। 'दाना' के 24-25 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर आने का अनुमान है, इसलिए भारतीय तटरक्षक बलक्षेत्र (उत्तर-पूर्व) ने समुद्र में जान-माल की सुरक्षा के लिए कई निवारक उपाय लागू किए हैं। मछुआरों को समुद्र में जाने से रोका है।

### 179 शेल्टर और 370 अतिरिक्त शेल्टर बने

पुरी जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर ने कहा कि दाना चक्रवात से निपटने के लिए राज्य सरकार की ओर से सभी निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर जिला आपदा विभाग की एक बैठक भी हुई थी, जिसमें राजस्व, पुलिस, पंचायती राज, सहित अन्य विभाग शामिल थे। दमकल की 17 टीम और सेना की टीम भी मौजूद है। 179 शेल्टर और 370 अतिरिक्त शेल्टर तैयार रखा गया है।



### 7 मंजिला इमारत गिरने से 6 की मौत

बेंगलुरु के बाबूसापल्या में एक निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत ढह जाने के बाद खोज एवं बचाव अभियान के दौरान 5और लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इन शवों के मिलने के बाद हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या अब 6 हो गई है। सरकार ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 24 अक्टूबर की सुबह तक यह बंगाल की खाड़ी में एक शक्तिशाली चक्रवात बनेगा। बंगाल के तटीय जिलों, पूर्व मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना में तेज हवाओं और भारी बारिश की आशंका है। तटीय इलाकों में चेतावनी जारी कर दी है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की तैयारी की है।

### 150 से ज्यादा ट्रेनें रद्द

तूफान के कारण बंगाल सरकार ने चक्रवात ने राज्य के 8 जिलों में 23 से 26 अक्टूबर तक स्कूल-कॉलेज बंद करने का फैसला किया है। सरकार ने तटीय इलाकों में संभावित नुकसान की आशंका के चलते हाई अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने अभी तक कुल 150 से ज्यादा ट्रेनों को कैंसिल करने का फैसला किया है।

# उपकरणों का उपयोग करके बनाए गए स्कूल के प्रोजेक्ट से मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में कक्षा 10 के एक छात्र द्वारा तैयार किए गए विज्ञान के 'प्रोजेक्ट' से बुधवार को उसके घर और पड़ोस में अफरातफरी मच गई और दहशत में आए लोगों ने पुलिस तथा बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) को वहां बुलवा लिया। मौके पर जब कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तो सभी ने राहत की सांस ली।

एमआईडीसी पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि महात्मा गांधी स्कूल के छात्र देवेन्द्र नायक ने एक मित्र की मदद से यह विज्ञान 'प्रोजेक्ट' तैयार किया, जिसमें एक डिब्बे में रखे कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आभूषण शामिल थे। समय पर स्कूल पहुंचने की जल्दी में छात्र अपने माता-पिता को 'प्रोजेक्ट' के बारे में बताना भूल गया और वह उसे घर पर ही छोड़ गया था।

उन्होंने बताया कि जब छात्र की मां को उपकरण से भरा बक्सा मिला तो उसे संदेह हुआ और उसने अपने पति धनीराम नायक को इसकी सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि धनीराम नायक को संदेह हुआ कि बक्से में खतरनाक सामग्री हो सकती है, इसलिए वह तुरंत उसे खुले क्षेत्र में ले गया और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने जांच के बाद बताया कि उसे कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

## चांदी पहुंची लखटकिया के पार, हुई 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

# शादी-विवाह के मौसम की मांग से सोने चांदी ने फिर बनाया अपना नया रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ सोने और चांदी की कीमतें बुधवार को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गईं। इसका मुख्य कारण त्योहारी और शादी-विवाहर के मौसम की मांग है।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोना 500 रुपये बढ़कर 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें क्रमशः 500-500 रुपये बढ़कर 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

### छह सत्रों में चांदी 10 हजार रुपए हुई तेज

चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो मंगलवार को 1.01 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले छह कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतों में 10,000 रुपये की तेजी आई है। 16 अक्टूबर से सोने में 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।





### अनुकूल ब्याज चक्र सोने में वृद्धि का प्रमुख कारण

एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "चल रहे अनुकूल ब्याज दर चक्र, सोने की वृद्धि का समर्थन करने वाले मुख्य कारकों में से एक रहा है।" त्रिवेदी ने कहा कि इसके अलावा, आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता भी सोने की कीमतों को ऊंचा रखने में भूमिका निभा रही है।

- लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही
- सोना 500 रुपए बढ़कर 81,500 रु. प्रति दस ग्राम
- चांदी में 1000 रुपए की बढ़त दर्ज की गई

### चांदी के अनुबंध की कीमत में गिरावट

इस बीच, दिसंबर डिलिवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 456 रुपये की गिरावट के साथ 99,516 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। दिन के कारोबार के दौरान एमसीएक्स में सोना 109 रुपये या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 1,00,081 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंच गया।

*कॉमेक्स में सोना 2750 डॉलर के करीब : कॉमेक्स में बढ़त के कारण सोने की कीमतों में एक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला, जहां सोना 2,750 डॉलर के करीब पहुंच गया। इससे एमसीएक्स में सोने को 78,750 रुपये से ऊपर रहने में मदद मिली।*

कॉमेक्स में सोना वायदा बढ़कर : वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 0.17 प्रतिशत बढ़कर 2,764.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.74 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

### भू-राजनीतिक तनाव से सराफा में उछाल

जुलाई में, सरकार द्वारा सोने और अन्य धातुओं पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में सात प्रतिशत की तीव्र गिरावट आई थी। हालांकि, चालू त्योहारों की वजह से, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने से सराफा की कीमतों में उछाल आया।


### डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध बढ़कर

एमसीएक्स के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध 112 रुपये बढ़कर 78,768 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। दिन के दौरान सोना 263 रुपये बढ़कर 78,919 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

# सरकार ने सफेद चावल पर से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को गैर-बासमती सफेद चावल की निर्यात खेप पर 490 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटा दिया। इस कदम का उद्देश्य इस जिंस के निर्यात को बढ़ावा देना है। सरकार ने 28 सितंबर को गैर-बासमती सफेद चावल की विदेशी खेपों पर पूर्ण प्रतिबंध हटा लिया था और न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू कर दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, "गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए एमईपी की आवश्यकता... तत्काल प्रभाव से हटा दी गई है।" सरकार ने 20 जुलाई, 2023 को गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था।



- गैर-बासमती सफेद चावल से 490 डॉलर प्रति टन का एमईपी हटाया
- सरकार ने 28 सितंबर को पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था

### वैश्विक बाजार में इस चावल की अच्छी मांग

चावल की इस किस्म का भारत में व्यापक रूप से सेवन किया जाता है और वैश्विक बाजारों में भी इसकी मांग है, खासकर उन देशों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उन कारकों में से एक है जिसने खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है।

आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने साक्षात्कार में कहा, "भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।"

### प्रतिस्पर्धी बनने कुछ पाबंदियां हटानी होगी

श्रीनिवासन ने कहा, " दूसरी बात यह है कि यदि आप प्रतिस्पर्धी बनना चाहते हैं, तो आपको कुछ व्यापार पाबंदियों को हटाना होगा... क्योंकि जब आप व्यापार को उदार बनाते हैं, तो आप उत्पादक कंपनियों को जीवित रहने की अनुमति देते हैं। वहां अधिक प्रतिस्पर्धा है और यह नौकरियां सृजन कर सकता है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि अधिक व्यापार पाबंदियां हटाई जाएं।'

### सुधारों को जारी रख बुनियादी ढांचा करे मजबूत

श्रीनिवासन ने कहा, " और अंततः मैं कहूंगा कि सुधारों को जारी रखें... बुनियादी ढांचे को मजबूत करें, चाहे वह भौतिक बुनियादी ढांचा हो या डिजिटल बुनियादी ढांचा। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह इसी के साथ जारी रहेगा। हालांकि मैं कहूंगा कि इससे आगे बढ़कर आपको कृषि तथा भूमि सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आपको शिक्षा और कौशल को मजबूत करने के बारे में सोचना होगा।"

### लालफीताशाही अभी भी कायम

श्रीनिवासन ने एक सवाल के जवाब में कहा, " सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना एक और सुधार है। अंत में, मैं कहूंगा कि लोगों से बात करने पर आपको अब भी बहुत सारी लालफीताशाही वगैरह देखने को मिलेगी। कारोबारी माहौल में सुधार करना महत्वपूर्ण पहलू होगा। ये कुछ ऐसे सुधार हैं जिन्हें मैं प्राथमिकता दूंगा।"

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर(समाडि), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं0– M_249_2_1_CNW-Misc_KGMWP के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिये 'सिंगल पैकेट सिस्टम' के आधार पर खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है:– **कार्य का नाम :** 'रिप्लेसमेंट ऑफ वाटरिंग हाइड्रेन्ट पाइप लाइन ऑफ वॉशिंग पिट एंड मैंटेनेंस ऑफ ड्रेन कवर फॉर ड्रेन ऐट काठगोदाम स्टेशन ऑफ इज्जतनगर डिविजन। **कार्य की अनुमानित लागत (रु. में):** रु0 2767304.19 **बयाना राशि (रु. में):** रु0 55400.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** निल **कार्य की अवधि से 90 दिन तक स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से : 90 दिन तक ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.11.2024 को समय 15:00 बजे • निविदाकार ई–निविदा को दिनांक 13.11.2024 को समय 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं ई–निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी0(समाडि)**
मुजाधि/यांत्रिक–72 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## मूल सामग्री की चोरी से 2023 में 22,400 करोड़ का हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** भारतीय मनोरंजन उद्योग को 2023 में मूल सामग्री की चोरी से 22,400 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईवाई तथा इंटरनेट एवं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की 'द रॉब रिपोर्ट' में मूल सामग्री की चोरी (पाइरेसी) के जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए मजबूत नियमन तथा सहयोगात्मक प्रयासों की भी वकालत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 51 प्रतिशत मीडिया उपभोक्ता मूल सामग्री को अवैध स्रोतों (पायरेटेड) से हासिल करते हैं। इसमें सबसे अधिक 63 प्रतिशत ऑनलाइन मचों के जरिये ऐसा किया जा रहा है। इसमें कहा गया, " भारत में मूल सामग्री की चोरी के जरिये 2023 में 22,400 करोड़ रुपये की कमाई की गई। यह भारत के मीडिया तथा मनोरंजन उद्योग द्वारा उत्पन्न खंड-वार राजस्व की तुलना में चौथे स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया, " इसमें से 13,700 करोड़ रुपये सिनेमाघरों में अवैध तरीके बनाई की गई सामग्री से, जबकि 8,700 करोड़ रुपये ओटीटी मंचों की सामग्री से हासिल किए गए। अनुमान है कि इससे 4,300 करोड़ रुपये तक का संभावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का नुकसान हुआ है।

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट : भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 फीसदी पर रहेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 फीसदी बनाए रखा है। हालांकि, आईएमएफ ने वैश्विक जोखिमों, विशेषकर वैश्विक रणनीति और आर्थिक अनिश्चितताओं के बारे में चेतावनी दी है, जो भविष्य की संभावनाओं पर असर डाल सकते हैं। आईएमएफ की नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 6.5% तक धीमी हो सकती है। यह 2023 में दर्ज की गई 8.2% की वृद्धि दर से कम है। यह अनुमान भारत की मजबूत आर्थिक रिकवरी को दर्शाता है, लेकिन यह भी संकेत है कि महामारी के समय की मांग की सीमा अब समाप्त हो रही है।



### कुछ देश अभी भी मुद्रास्फीति से जूझ रहे


आईएमएफ के प्रमुख अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिनचास ने कहा कि ऐसा लगता है कि वैश्विक मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई लगभग जीत ली गई है। उन्होंने जोर दिया कि कुछ देश अभी भी मुद्रास्फीति के दबावों से जूझ रहे हैं, जिससे यह समस्या अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। आईएमएफ के मुताबिक भारत के लिए यह अपने आर्थिक विकास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण समय है।

# बिकवाली दबाव से शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

- सेंसेक्स 139 और निफ्टी 36 अंक टूटा
- वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में हुई मुनाफा वसूली

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 138 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच वाहन, औषधि और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 138.74 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,081.98 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में 22 नुकसान में रहे। निफ्टी भी 36.60 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम आने के बाद कंपनी का शेयर लगभग पांच प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 4,014 करोड़ रुपये रहा। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,978.61 करोड़ रुपये की बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,869.06 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



## पर्वों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे करेगी व्यवस्था

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे द्वारा पर्वों के इस मौसम में यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए व्यापक व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों के लिए निर्धारित होल्डिग एरिया, टिकटों के लिए अतिरिक्त विशेष काउंटर बनाए जायेंगे, सुरक्षा के उद्देश्य में मनीला रोप का उपयोग, अतिरिक्त आरपीएफ बटालियन की तैनाती तथा नियमित उद्घोषणाएं की जा रही हैअब तक 3,144 विशेष ट्रेनें, नियमित ट्रेनों में 59 अतिरिक्त कोच की घोषणा की गई है, जिनसे अतिरिक्त 2.25 की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मांग में अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए, उत्तर रेलवे अन्य क्षेत्रीय रेलों के साथ मिलकर त्यौहारी सीजन के दौरान 01.10.2024 में 30.11.2024 तक 3144 त्यौहार विशेष ट्रेनें चला रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कैसर, पत्नी:** श्री शाहनवाज, **पता:** मकान नं. बी–135, अंबेडकर कॉलोनी, छत्तरपुर, दक्षिणी दिल्ली – 74 ने मुकदमा **SC No. 156/2022 & FIR No. 249/18, U/s 392/397/34 IPC, थाना: आनंद विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कैसर** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कैसर** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **SC No. 156/2022 & FIR No. 249/18, U/s 392/397/34 IPC, थाना: आनंद विहार, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **कैसर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री बबरू मान**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश – 03**
**कमरा नं. 304, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/14087/RD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **सूर्य नारायण सिंह, मेसर्स यू.वी. इंजीनियरिंग के मालिक, निवासी: ए-544, जी.डी. कॉलोनी, मयूर विहार फेज-3, सरदार पटेल मॉडर्न स्कूल के पास, दिल्ली-110096 और फ्लैट नं. 1106 टावर नं. 1 डी, स्कार्दी ग्रीन लैंडक्राफ्ट, कोलंबिया एशिया अस्पताल के पीछे, एनएच-24, गाजियाबाद-201001 उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No. 542008/2016 U/S 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना करोल बाग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **सूर्य नारायण सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सूर्य नारायण सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **सूर्य नारायण सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2024** सुबह **10.00** बजे को या इससे पहले अदालत में हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दिव्या गुप्ता**
**जेएमएफसी (एनआई एक्ट),**
**कोर्ट नंबर 29, कड़कड़डूमा, कोर्ट, दिल्ली**
**DP/14137/CD/2024**




## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# यूनियन बैंक पर लगा 54 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने संदिग्ध लेनदेन के बारे में जानकारी न देने और मुंबई स्थित एक शाखा में कुछ खातों की पीएमएलए के तहत उचित पड़ताल नहीं करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय के तहत संचालित एफआईयू ने एक अक्टूबर को धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 13 के तहत जुर्माना नोटिस जारी किया। एजेंसी ने कहा कि बैंक की लिखित एवं मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद उसके खिलाफ लगे आरोपों को पुष्ट पाया गया। एफआईयू ने इस मामले की जांच के दौरान बैंक के परिचालन की 'व्यापक समीक्षा' में अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और धनशोधन-रोधी (एएमएल) अनुपालन से संबंधित कुछ 'अनियमितताएं' पाई गईं।



- एफआईयू ने संदिग्ध लेनदेन के लिए लगाया जुर्माना

## शब्द पहेली - 5671




**बाएँ से दाए-**


2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5670 का हल**





## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का मैच आज

**अहमदाबाद।** भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी। हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था।

### डोमिनिक थिएम ने हार के साथ निया संन्यास

**वियना।** डोमिनिक थिएम ने अर्स्टे बैंक ओपन के पहले दौर में लुसियानो डार्डेरी से 7-6 (6), 6-2 से हार के साथ अपने पेशेवर टेनिस कॅरियर को अलविदा कहा। अमेरिकी ओपन में 2020 के चैंपियन थिएम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इस टूर्नामेंट के बाद वह टेनिस से संन्यास ले लेंगे। वह पिछले कुछ समय से कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। जब वह सेंटर कोर्ट से बाहर निकल रहे थे तो दर्शकों ने तालियों के साथ उनको विदाई दी। थिएम तीन ग्रैंड स्लैम, 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन और 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे उपविजेता भी रहे थे।

### त्रिपुरा के खिलाफ नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर



**मुंबई।** मुंबई के सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगरतला में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में नहीं खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ ने बुधवार को बताया कि अय्यर ने मुंबई की सीनियर चयन समिति से कुछ दिन का विश्राम देने की अपील की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई ने अभी तक वर्तमान सत्र में जो तीन घरेलू मैच खेले हैं उन सभी में यह 29 वर्षीय बल्लेबाज टीम का हिस्सा था।

### स्पिनरों का सही उपयोग करना होगा : लाथम

**पुणे।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने बुधवार को यहां कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्पिन-अनुकूल पिच को लेकर न्यूजीलैंड को किसी भी पूर्व निर्धारित सोच से बचते हुए अपने गेंदबाजी विकल्पों का प्रभावी उपयोग करने पर ध्यान देना होगा। लाथम ने कहा, 'हमें परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाना होगा। अगर पिच से गेंद को अधिक टर्न मिलती है तो हमारी टीम में चार स्पिनर हैं। हम हालांकि पहले से निर्धारित सोच के साथ मैच में उतरने से बचना चाहेंगे।'

### ब्रिज ओलंपियाड में भारत की शानदार शुरुआत



**नई दिल्ली।** भारतीय टीमों ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में शुरू हुए 16वें विश्व ब्रिज खेल यानी ब्रिज ओलंपियाड में अच्छी शुरुआत की। पहले दिन की समाप्ति पर भारतीय टीम ओपन वर्ग में 12वें स्थान पर थी। भारतीय महिला टीम 24 टीमों में से 15वें स्थान पर है। मिश्रित वर्ग में भारतीय टीम 29 टीमों के बीच में स्थान पर है। भारतीय सीनियर टीम 24 टीमों के बीच सबसे आगे है। इस प्रतियोगिता का आयोजन चार वर्गों ओपन, महिला, मिश्रित और सीनियर में किया जा रहा है। प्रत्येक सदस्य देश हर वर्ग में अपनी एक टीम उतार सकता है।

मैच का प्रसारण स्पोर्ट्स-18 पर आज सुबह 9.30 बजे से

# टेस्ट : श्रृंखला में वापसी करने उतरेगा भारत, संतुलित टीम से मिलेगी जीत

एजेंसी ▶▶| पुणे

पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है लेकिन पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े। अगले महीने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



#### पिच काली मिट्टी से तैयार

एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था।

#### राहुल पर लटकी तलवार

शुभमन गिल वापसी करने के लिए तैयार है तथा केएल राहुल और सरफराज खान में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर राहुल को अधिक मौके दिए जाने के पक्ष में हैं लेकिन सरफराज ने बेंगलुरु में दूसरी पारी में 150 रन बनाकर अपना पक्ष मजबूत कर दिया है।

#### रोहित और कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद

भारत को सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। कोहली ने 2019-20 के सत्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां 254 रन की नाबाद पारी खेली थी और वह उससे प्रेरणा लेकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

#### सिराज का प्रदर्शन चिंता का विषय

भारत की समस्या बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है। उसकी गेंदबाजी में भी कुछ समस्या हैं विशेषकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का लगातार खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में टीम प्रबंधन आकाशदीप को मौका दे सकता है जिन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का भी जमकर अभ्यास किया। पिच से अगर स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है तो रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल किया गया है।

#### विकेटकीपिंग करेंगे पंत

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि ऋषभ पंत को फिटनेस की कोई समस्या नहीं है और वह विकेटकीपिंग करेंगे। जसप्रीत बुमराह के कार्यभार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। पंत को बेंगलुरु में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने वापसी करके 99 रन बनाए लेकिन विकेटकीपिंग नहीं की।

टेस्ट रैंकिंग



### कोहली से आगे निकले पंत

**दुबई।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन का नंबर आता है जबकि रविद्र जडेजा पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

## भारत को जर्मनी से 0-2 से मिली हार, गंवाए आठ पेनल्टी कॉर्नर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिलने के बावजूद गोल नहीं कर सकी भारतीय हॉकी टीम को दिल्ली में एक दशक बाद हो रहे अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में जर्मनी की युवा टीम ने बुधवार को 2-0 से हरा दिया। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 11 साल बाद हो रहे इस मुकाबले में जर्मनी का पलड़ा पहले से आखिरी मिनट तक भारी रहा जिसने भारतीय टीम को पूरे समय दबाव में रखा।



पेरिस ओलंपिक में दस गोल करने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह सीनियर स्तर पर इस मैदान पर अपने पहले मैच में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर सके जबकि सर्कल के भीतर स्ट्राइकर किसी मूव को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाए। जर्मनी के लिए हेनरिक मर्टजेंस (तीसरा मिनट) और कप्तान लुकास विंडफेडर (30वां) ने गोल दागे। जर्मन गोलकीपर जोशुआ एन ओंयेकवू ने भारत के हर वार को नाकाम किया और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार हरमनप्रीत को भी खामोश रखा।

### आईओए की एसजीएम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ की 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आम बैठक को बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। आईओए के निदेशक जॉर्ज मैथ्यू ने अध्यक्ष पीटी उषा के निर्देश के बाद बैठक को स्थगित करने के बारे में कार्यकारी परिषद और अन्य हितधारकों को सूचित किया। मैथ्यू ने ईमेल में लिखा, 'आईओए अध्यक्ष के निर्देशानुसार मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि आईओए अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई विशेष आम बैठक, जो मूल रूप से 25 अक्टूबर को नयी दिल्ली के ओलंपिक भवन में आयोजित होने वाली थी, को बाद की तिथि के लिए स्थगित कर दिया गया है। जल्द ही एसजीएम की नई तारीख और समय के बारे में सूचित किया जाएगा। हमें असुविधा के लिए खेद है और हम स्थिति को समझने के लिए आपकी सराहना करते हैं।'

## जिम्बाब्वे ने 344 रन ठोक टी20 में बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

### सिकंदर रजा ने 43 गेंद में बनाए नाबाद 133 रन

एजेंसी ▶▶| नैरोबी

आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालीफायर, 2024 के एक मुकाबले में जिम्बाब्वे ने टी20 अंतरराष्ट्रीय का हाइएस्ट टीम स्कोर बनाकर इतिहास रच दिया। गांबिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 344 रन का स्कोर बनाकर नेपाल और भारत को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले टी20 में नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जवाब में गांबिया की टीम सिर्फ 54 रन पर ढेर हो गई और उसे 290 रन से हार मिली।

नैरोबी के रुआरका स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में जिम्बाब्वे ने गांबिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सिकंदर रजा ने महज 33 गेंद पर शतक जड़कर अपने मंसूबे जाहिर कर दिए कि आज उनकी टीम एक नया इतिहास बनाने जा रही है। बता दें कि सिकंदर रजा टी20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बने। कप्तान रजा ने नामीबिया के जॉन निकोल लोफ्टी इटन की बराबरी की। इटन ने नेपाल के खिलाफ 33 गेंद पर शतक जड़ा था। रजा ने गांबिया के खिलाफ 43 गेंद पर नाबाद 133 रन की पारी खेली। इस दौरान 7 चौके और 15 सिक्क उड़ाए। यही नहीं क्लाइव मडांडे ने 17 गेंद पर नाबाद 53 रन की पारी खेली।

#### रजा सबसे तेज शतक लगाने वाले संयुक्त दूसरे बल्लेबाज



**सबसे तेज शतकीर**

| खिलाड़ी | देश | खिलाफ | गेंद |
|---|---|---|---|
| साहिल चौहान | एस्टोनिया | साइप्रस | 27 |
| जान निकोल | नामीबिया | नेपाल | 33 |
| सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | गांबिया | 33 |
| कुशल मल्ला | नेपाल | मंगोलिया | 34 |
| डेविड मिलर | द.अफ्रीका | बांग्लादेश | 35 |
| रोहित शर्मा | भारत | श्रीलंका | 35 |

**सर्वाधिक स्कोरर टीम**

| देश | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| जिम्बाब्वे | 344 | गांबिया | 2024 |
| नेपाल | 314 | मंगोलिया | 2023 |
| भारत | 297 | बांग्लादेश | 2024 |
| जिम्बाब्वे | 286 | नैरोबी | 2024 |
| अफगानिस्तान | 278 | आयरलैंड | 2019 |

#### जिम्बाब्वे ने नेपाल को पछाड़ा

जिम्बाब्वे ने बल्लेबाजों की तूफानी बल्लेबाजी से टी20 का सबसे बड़ा टीम स्कोर बना दिया। जिम्बाब्वे ने नेपाल के 314 रन के स्कोर को पार करते हुए 344 रन बना दिए। टी20 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली टीमों की लिस्ट में भारत तीसरे नंबर पर खिसक गया है। हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी टी20 मैच में 297 रन बनाए थे।

## ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हारा भारत तालिक में शीर्ष पर बरकरार




एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरू

सुल्तान ऑफ जोहोर कप

ऑस्ट्रेलिया ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अजेय अभियान पर विराम लगाते हुए बुधवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट में 4-0 से जीत दर्ज की।

भारत की अग्रिम पंक्ति को ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदने के लिए जूझना पड़ा जबकि पैट्रिक एंड्रयू (29वें मिनट) ने विरोधी टीम का खाता खोला जिसके बाद डेकिन स्टेंगर (33वें, 39वें और 53वें मिनट) ने हैट्रिक बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इस हार के बावजूद भारत नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है जबकि ऑस्ट्रेलिया सात अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड आठ अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं और राउंड रोबिन में उसे एक मैच और खेलना है जिससे टीम फाइनल में जगह बनाने की प्रबल दावेदार है।

### पहली 'भारतीय निशानेबाजी लीग' की हुई घोषणा


**नई दिल्ली।** *भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बुधवार को देश में खेल की पहली फ्रेंचाइजी आधारित लीग की घोषणा की जिसे 'भारतीय निशानेबाजी लीग' नाम दिया गया है। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव के प्रस्ताव को राष्ट्रीय महासंघ की संचालन संस्था ने स्वीकृति दी। खेल की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) से स्वीकृति मिलने के बाद इस लीग के लिए विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) तय की जाएगी। लीग का पहला सत्र मार्च में होगा।*

### इंग्लैंड से श्रृंखला जीतने उतरेगा पाक



**रावलपिंडी।** स्पिनरों के कमाल से दूसरा टेस्ट मैच जीतकर उत्साह से भरी पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए टीम को स्पिनरों की मददगार पिच की जरूरत पड़ेगी। मैदानकर्मी इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ दिनों से विकेट को सुखाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### बोवेस का वर्ल्ड रिकॉर्ड, 103 गेंद में दोहरा शतक



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने बुधवार को केवल 103 गेंद पर दोहरा शतक जड़कर लिस्ट ए क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। बोवेस ने खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया जो इससे पहले भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के नाम दर्ज था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बोवेस ने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की तरफ से ओटागो के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वह आखिर में 110 गेंद पर 205 रन बनाकर आउट हुए जो लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। जगदीसन और हेड ने 114 गेंदों में अपने-अपने दोहरे शतक पूरे किए थे।

### खेल मंत्री मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर की चर्चा

## नीरज ने की पटियाला में 'मोंडोट्रैक' लगाने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को यहां सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में 'मोंडोट्रैक' को जल्दी लगाने की मांग की। 'मोंडोट्रैक' एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है।

पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने इसकी सराहना की थी। 'वल्केनाइज्ड' रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाए रखने में मददगार होता है और इस पर उन्हें कम थकान महसूस होती है।

खिलाड़ियों और कोच के साथ बैठक में मौजूद एक सूत्र ने कहा कि दो बार के ओलंपिक-पदक विजेता ने जमीनी स्तर पर अधिक स्टेडियम को तैयार करने के साथ पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की आवश्यकता के बारे में जोर दिया। नीरज ने कहा, 'नीरज ने इस चर्चा में ऑनलाइन भाग लिया और कहा कि वह 2018-19 से पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की मांग कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सुविधाएं एक और अहम मुद्दा है। जब भारतीय एथलीट विदेश में प्रतिस्पर्धा करते हैं तो आजकल ज्यादातर प्रतियोगिताएं 'मोंडोट्रैक' पर आयोजित की जाती हैं। इससे उनके प्रदर्शन का स्तर प्रभावित होता है।'

#### जमीनी स्तर पर हो अधिक सुविधाएं




नीरज ने कहा कि स्टेडियमों का इस्तेमाल सिर्फ राष्ट्रीय शिविर और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के लिए ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की आकांक्षा रखता है तो स्टेडियमों का उपयोग सिर्फ शिविरों और विश्व कप के लिए नहीं किया जा सकता है। अगर देश को नई प्रतिभा चाहिए तो जमीनी स्तर पर अधिक सुविधाएं तैयार करने के साथ-साथ इन स्टेडियमों का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। हमें कोच की भूमिका को नहीं भूलना चाहिए।'

## बांग्लादेश ने टाली पारी की हार अफ्रीका पर हासिल की बढ़त



एजेंसी ▶▶| मीरपुर

मेहदी हसन की नाबाद 87 रन की पारी से बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में पारी की हार को टालते हुए तीसरे दिन बुधवार को यहां 81 रन की बढ़त हासिल कर ली। बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाते समय बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन बना लिए। मेहदी के साथ क्रीज पर नईम हसन (नाबाद 16) मौजूद हैं।

बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 101 रन से की। उसे पारी की हार से बचने के लिए और 101 रन की जरूरत थी। टीम दिन की शुरुआत में 11 रन के रन अंदर तीन और विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन मेहदी ने पदार्पण कर रहे जाकिर अली (58) के साथ सातवें विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश अपनी पहली पारी में 106 रन पर आउट हो गया, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने काइल वेरिने के 114 रन की बदौलत 308 रन बनाए।






*ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने एआई उद्योग में नैतिक मापदंडों को विनियमित करने के लिए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गठबंधन' स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने 'ब्रिक्स अनाज विनिमय' का भी प्रस्ताव रखा, जो उचित मूल्य प्रदान करेगा और बाजार को सट्टेबाजी से बचाएगा।*

16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बोले पुतिन

# 30 से अधिक देशों ने ब्रिक्स में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की समूह करेगा चर्चा, किसी भी विस्तार में संतुलन बनाना महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ कजान

रूस की तातारस्तान की राजधानी कजान के कजान एक्सपो सेंटर में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के प्लेनरी सेशन में विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि 30 से अधिक देशों ने ब्रिक्स में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बैठक में समूह अपने विस्तार पर चर्चा करेगा लेकिन किसी भी विस्तार में संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स के साथ संपर्क मजबूत करने में ग्लोबल साउथ और पूर्व के देशों की अभूतपूर्व रुचि को नजरअंदाज करना गलत होगा।

### पांच नए देश भी ब्रिक्स से जुड़े

ब्रिक्स के सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इस बार पांच अन्य देश भी इस समूह में आधिकारिक रूप से शामिल हो गए हैं। इन पांच देशों में मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। बता दें, ब्रिक्स समूह की स्थापना 2006 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। दक्षिण अफ्रीका 2011 में इसमें शामिल हुआ।

### क्षेत्रीय संघर्षों पर चर्चा करेंगे

पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स में संतुलन बनाए रखना और ब्रिक्स की प्रभावशीलता में कमी को रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समूह तीव्र क्षेत्रीय संघर्षों पर भी चर्चा करेगा। उन्होंने कहा कि समूह बैठक में अपने विस्तार पर चर्चा करेगा, जबकि दक्षता बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखेगा।

ग्लोबल साउथ के देशों को नजरअंदाज नहीं कर सकते

ब्रिक्स देशों की कार्यदक्षता बनाए रखने का ध्यान रखेंगे

### निवेश मंच का प्रस्ताव

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि हम ब्रिक्स का एक नया निवेश मंच बनाने का प्रस्ताव रखते हैं। हमें अर्थव्यवस्था के कम उत्सर्जन मॉडल को संयुक्त रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। वैश्विक दक्षिण के सभी देशों के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए नया ब्रिक्स वैश्विक निवेश मंच स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने एआई उद्योग में नैतिक मापदंडों को विनियमित करने के लिए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गठबंधन' स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने 'ब्रिक्स अनाज विनिमय' का भी प्रस्ताव रखा, जो उचित मूल्य प्रदान करेगा और बाजार को सट्टेबाजी से बचाएगा।

### विश्व की 30% अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है ब्रिक्सः मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अपने नए स्वरूप में ब्रिक्स विश्व की 40% मानवता और लगभग 30% अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले दो दशकों में ब्रिक्स ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह संगठन वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और अधिक प्रभावी माध्यम बनकर उभरेगा। मैं न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ को बधाई देता हूं। पिछले 10 वर्षों में यह बैंक ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभर रहा है।



कजान में भारत-चीन के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक के बाद हरिभूमि से बातचीत में बोले रक्षा और विदेश मामलों के विशेषज्ञ

# समझौते और मोदी-जिनपिंग मुलाकात के बाद रातोंरात सामान्य नहीं होंगे संबंध

## चीन को ग्राउंड पर लगातार परखना जरूरी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के बाकी बचे हुए विवादित इलाकों से तनाव खत्म करने के लिए हुए समझौते के बाद रूस के कजान में 23 अक्टूबर को दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों की पहली द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसके साथ ही देश के सामरिक और कूटनीतिक हलकों में यह चर्चा जोरों से चल पड़ी है कि क्या अब पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पूर्ण रूप से शांति बहाल हो जाएगी?, भारत और चीन के आपसी संबंध विवाद से पहले की तरह ही सामान्य हो जाएंगे? और क्या विवाद समाप्ति समझौते के बाद भारत, चीन पर पहले की तरह भरोसा कर सकता है?

इन तमाम प्रश्नों के जवाब हरिभूमि ने विदेश और रक्षा मामलों के विशेषज्ञों से बातचीत में लिए हैं। उनका कहना है कि यह समझौता और शीर्ष नेताओं की मुलाकात दोनों देशों के मध्य जारी लंबे तनाव के बीच शांति बहाली के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण सकारात्मक कदम है। लेकिन इसके बाद भी चीन पर पूरी तरह से तत्काल रूप से भरोसा नहीं किया जा सकता है। भारत को पहले विवादित जगहों पर जमीनी स्तर समझौते के अनुपालन को गंभीरता और गहनता के साथ जांचना और परखना पड़ेगा। इसी तरह से द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने की भी एक व्यापक प्रक्रिया होगी और उसमें भी हमें कुछ समय की दरकार रहेगी।



### रातोंरात कुछ नहीं बदलेगाः मानकीकार

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में चीन मामलों के फैलो कल्पित ए मानकीकार ने बताया कि एलएसी पर विवाद साढ़े चार साल से अधिक समय से जारी है। दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक हो गई है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि द्विपक्षीय संबंधों के पूरी तरह से सामान्य होने के लिए केवल एक ही बैठक काफी है। जिससे संबंध रातों रात पहले की तरह सामान्य हो जाएं। चीन का जो रवैया हमारे साथ रहा है, उसे देखते हुए भी पहले भारत को उक्त समझौते के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को लगातार गहराई के साथ जांचना और परखना पड़ेगा। उसके बाद ही उस पर भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चीन को भी मामले में विश्वास बहाल करना होगा और हमें यह आश्वासन देना पड़ेगा कि ऐसी चीजें एलएसी पर दोबारा नहीं होंगी। साथ ही हमें इंतजार के साथ चीजों को देखना पड़ेगा। जिसमें समय लगेगा।

### दशकों पुराने समझौते तोड़ चुका है चीनः हुड्डा

सेना की जम्मू-कश्मीर स्थित उत्तरी कमांड के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा (सेवानिवृत) ने कहा कि यह बैठक अच्छा कदम है। लेकिन चीन ने जिस तरह से लद्दाख में पुराने सभी समझौतों को धता बताते हुए यह विवाद शुरू किया था। उसके बाद यह मान लेना कि अब जल्द ही सब कुछ सामान्य हो जाएगा। बिलकुल भी ठीक नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया होगी, जिसमें आने वाले दिनों में इलाके में सेनाओं की गश्त को लेकर एक व्यवस्था सामने आएगी। मुझे लगता है कि भारतीय सेना को उस प्रक्रिया के तहत पहले चीन की सेना के साथ कुछ वक्त तक एलएसी पर गश्त करनी पड़ेगी। तभी दोनों पक्षों के बीच विश्वास स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बतौर सैन्य अधिकारी मुझे नहीं लगता कि इससे पहले पूर्वी लद्दाख में एलएसी से भारत अपनी सैन्य तैनाती को एक इंच भी पीछे करेगा। लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने कहा कि सेनाप्रमुख ने भी दोनों के बीच समझौते के बाद पहले विश्वास बहाली पर जोर दिया है। मुझे भी नहीं लगता है कि तुरंत 2020 से पहले के हालात वापस लौटेंगे।

### सामान्य रिश्तों के लिए उठाने पड़ेंगे कई और कदमः कुमार

वरिष्ठ रक्षा पत्रकार रंजीत कुमार ने बताया कि इस समझौते और दोनों नेताओं की बैठक के बाद भी भारत और चीन के रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने के लिए अभी कई और कदम उठाने पड़ेंगे। अभी जो समझौता हुआ है, वह सेनाओं की तनाव वाले इलाकों से आक्रामक मुद्रा से वापसी का पहला कदम है। आगे दोनों सेनाओं को इसे लेकर साझा रूप से यह विश्वास पैदा करना पड़ेगा कि वो एलएसी पर एक, दूसरे को सहयोग करने के लिए हैं, ना कि एक, दूसरे पर आक्रमण करने के लिए तैनात हैं। फिलहाल दोनों देशों को संबंधों को सामान्य करने के लिए कुछ और कदम उठाने पड़ेंगे। जिसमें सेनाओं का डीइंडक्शन और डीएक्सक्लेशन शामिल है।

# करतारपुर साहिब कॉरिडोरः समझौता 5 साल और बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अक्टूबर को राजनयिक माध्यम से श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर समझौते की वैधता को पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने पर सहमति हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से भारत से गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर, नरोवाल, पाकिस्तान तक तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए 24 अक्टूबर 2019 को समझौता पांच साल की अवधि के लिए समझौता किया गया था। इस समझौते की वैधता के विस्तार से पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा के दर्शन के लिए भारत से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए कॉरिडोर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। भारत ने पाक से तीर्थयात्रियों पर शुल्क नहीं लगाने का आग्रह किया है।




अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट में कहा

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 फीसदी पर रहेगी बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 फीसदी बनाए रखा है। हालांकि, आईएमएफ ने वैश्विक जोखिमों, विशेषकर वैश्विक रणनीति और आर्थिक अनिश्चितताओं के बारे में चेतावनी दी है, जो भविष्य की संभावनाओं पर असर डाल सकते हैं। आईएमएफ की नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 6.5% तक धीमी हो सकती है।



### वैश्विक वृद्धि दर 3.2% पर स्थिर

वैश्विक स्तर पर, आईएमएफ ने 2024 और 2025 दोनों के लिए वैश्विक वृद्धि दर को 3.2% पर स्थिर रखा है। हालांकि संस्था ने बढ़ते जियोपॉलिटिक्स जोखिमों, ऋण के बढ़ते बोझ और संभावित बाजार के अस्थिरता के कारण "कमजोर मध्यम अवधि की वृद्धि" जैसी चुनौतियों की चेतावनी दी है। उसने विशेष रूप से मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनावों पर चिंता जताई है। संस्था ने कहा है कि यह संघर्ष वस्तुओं की कीमतों, खासकर तेल की कीमतों में इजाफा कर सकता है जिससे वैश्विक बाजारों पर बुरा असर डाल सकता है।

### कुछ देश अभी भी मुद्रास्फीति से जूझ रहे

आईएमएफ के प्रमुख अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिनचास ने कहा कि ऐसा लगता है कि वैश्विक मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई लगभग जीत ली गई है। उन्होंने जोर दिया कि कुछ देश अभी भी मुद्रास्फीति के दबावों से जूझ रहे हैं, जिससे यह समस्या अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। आईएमएफ के मुताबिक भारत के लिए यह अपने आर्थिक विकास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण समय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109